भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 276 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 30 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## एक सप्ताह में शिवराज सिंह चौहान की दूसरी दिल्ली यात्रा, पीएम मोदी को पेश करेंगे योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एक सप्ताह में दूसरी बार दिल्ली का दौरा करने वाले है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री देवराण्य योजना और राज्य में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी देंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एमपी में फसलों के अधिग्रहण, विविधीकरण और कृषि में नए खोज पर भी चर्चा होगी। कैंपा फंड और डीएमएफ फंड के विकास कार्यों में उपयोग पर भी चर्चा होगी। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के लिए स्वीकृत मेडिकल डिवाइस पार्क और नीमच रतलाम रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद देंगे।

# भारत के साथ मिलकर चीन के साइबर खतरों से निपटेगा अमेरिका

## जापान और ऑस्ट्रेलिया का भी मिलेगा साथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन से बढ़ते साइबर खतरों के मद्देनजर भारत, अमेरिका, जापान व ऑस्ट्रेलिया सुरक्षित डिजिटल नेटवर्क तैयार करेंगे। चारों देश चीनी ऐप के खतरों और 5जी तकनीक के दुरुपयोग से निपटने की साझा रणनीति भी अपनाएंगे। चीनी ऐप और उसके असुरक्षित साफ्टवेयर का जवाब देने के लिए क्वाड देश बड़े पैमाने पर निवेश की तैयारी में हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन का नाम लिए बिना इन मुद्दों को क्वाड बैठक में उठाया था। सूत्रों ने कहा कि साइबर खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसके जरिए प्रतिद्वंद्वी देशों की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने उनकी सूचनाओं में



संधमारी का काम व्यापक स्तर पर हो रहा है। असुरक्षित ऐप के जरिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जब क्लीन ऐप और 5जी तकनीक के दुरुपयोग सहित अन्य मुद्दों को क्वाड में उठाया था तो अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन और जापान व ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने इसका समर्थन किया था।

सूत्रों ने कहा कि आने वाले दिनों में साइबर सुरक्षा पर चारों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग पर काम होगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट प्रैक्टिस और विशेषज्ञता को चारों देश साझा करके सुरक्षित नेटवर्क और सॉफ्टवेयर के लिए काम करेंगे। सूत्रों ने कहा कि साइबर खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण-बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू किया जाएगा।

क्वाड सीनियर साइबर ग्रुप की लगातार बैठक होगी। साझा साइबर मानकों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। साइबर रणनीति के कार्यान्वयन सहित इस क्षेत्र में निरंतर सुधार लाने के लिए सरकार और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाया जाएगा। चारों देशों के विशेषज्ञ नियमित रूप से मिलेंगे। सुरक्षित सॉफ्टवेयर का विकास और सक्षम कार्यबल और साइबर टैलेंट पूल तैयार करने के लिए भी चारों देश मिलकर काम करेंगे। क्वाड फैक्ट शीट में भी इसका उल्लेख किया गया है। साइबर सहयोग का मकसद सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल बुनियादी ढांचे की मापनीयता और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देना है। सूत्रों ने कहा कि चीन तकनीकी के जरिए भी विभिन्न देशों को निशाना बना रहा है। इन खतरों पर क्वाड में विस्तार से विचार विमर्श किया गया था। नेताओं ने तय किया था कि इस क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।

## रूसी वैक्सीन स्पुतनिक वी का ऑर्डर रद्द कर रहे अस्पताल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कुछ प्राइवेट अस्पताल रूस के स्पुतनिक वी वैक्सीन का ऑर्डर रद्द कर दिए हैं। अस्पतालों की ओर से टीके के ऑर्डर रद्द किए जाने के पीछे की वजह सरकार की ओर से दी जाने वाली अन्य टीकों की मुफ्त खुराक की आपूर्ति में वृद्धि को बताया जा रहा है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा है कि कम मांग और वैक्सीन को स्टोर करने के लिए अत्यधिक ठंडे भंडारण ने भी कम से कम तीन बड़े अस्पतालों को स्पुतनिक वी के ऑर्डर को रद्द करने के लिए प्रेरित किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि पुणे में भारती विद्यापीठ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने भी टीके के ऑर्डर को रद्द कर दिया है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी जितेंद्र ओसवाल ने कहा भंडारण और सब कुछ के साथ हमने 2500 खुराक के लिए अपना ऑर्डर रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि टीके की मांग भी ज्यादा नहीं है। लोगों का एक वर्ग है, मुश्किल से 1 फीसदी जो स्पुतनिक टीका लगवाना चाहते हैं। बाकी के लिए कुछ भी चलेगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि मई से पिछले सप्ताह तक, निजी अस्पतालों द्वारा भारत में लगे सभी टीकों का लगभग 6 फीसदी ही निकाला गया। वहीं, सरकार ने उन्हें घरेलू उत्पादन का एक चौथाई तक खरीदने के लिए मुक्त कर दिया था।भारत स्पुतनिक वी का एक प्रमुख उत्पादन केंद्र बनने के लिए तैयार है, जिसकी नियोजित क्षमता लगभग 850 मिलियन शॉट्स प्रति साल है और घरेलू डिमांड में कमी का मतलब है कि निर्यात ज्यादा हो सकता है। भारतीय कंपनियों ने पहले ही स्पुतनिक डोज बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इस पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है।

भारतीय वितरक डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज लिमिटेड द्वारा जून में लॉन्च किए जाने के बाद अस्पतालों को स्पुतनिक वी की केवल 943,000 खुराक मिल पाई है। डॉ रेड्डीज ने रूस से वैक्सीन की लगभग 30 लाख खुराकें आयात की थी। हालांकि रेड्डीज ने अस्पतालों की ओर से ऑर्डर रद्द किए जाने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

## कृषि कानूनों का हल निकालकर बीजेपी में एंट्री मारेंगे कैप्टन? अमित शाह से हुई बात, पीएम से भी हो सकती है मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद अमरिंदर सिंह के मीडिया सलाहकार की तरफ से कहा गया, 'दिल्ली में कैप्टन अमरिंदर सिंह की केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई है।

मुलाकात के दौरान लंबे समय से चल रहे किसानों के आंदोलन और कृषि कानूनों पर चर्चा हुई। पूर्व सीएम ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि वो जल्द से जल्द इस कानून को वापस लें और एमएसपी की गारंटी दें।' कहा जा रहा है कि यह मुलाकात करीब 45 मिनट तक



चली थी। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हाल ही में पंजाब के सीएम पद से अपना इस्तीफा दिया है। कैप्टन के इस्तीफे के बाद उनके दिल्ली के इस कार्यक्रम को लेकर कई तरह की बातें कही जा रही हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि वे तीन नए कृषि कानूनों को लेकर किसी बड़ी पहल के साथ दिल्ली पहुंचे थे। कहा जा रहा है कि वे किसान आंदोलन खत्म कराने में बड़ा रोल अदा कर सकते हैं और इसके लिए केंद्र सरकार से कोई रणनीति तैयार करा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैप्टन अमरिंदर सिंह की जल्द ही अमित शाह के साथ दूसरे दौर की वार्ता हो सकती है। पीएम मोदी से भी मिलने की संभावना है, जिसमें अंतिम दौर की बात होगी। पंजाब कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू के साथ लंबे समय तक चली तनातनी के बाद कैप्टन ने आंतरिक कलह से परेशान होकर अपना इस्तीफा दिया था। ऐसा कहा जा रहा है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह कृषि कानूनों पर चल रहे विवाद का हल निकाल कर बीजेपी में एंट्री मार सकते हैं।

## भवानीपुर उपचुनावः कल ममता और प्रियंका के बीच 'जंग', कड़ी सुरक्षा के बीच डाले जाएंगे वोट

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के मद्देनजर इस क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां केंद्रीय बलों की 15 कंपनियां तैनात की गई हैं. जिन मतदान केंद्रों पर बृहस्पतिवार को मतदान होगा, उनके 200 मीटर के दायरे में सीआरपीसी की धारा 144 के लागू की गई है. इस सीट पर मतगणना 3 अक्टूबर को की जाएगी। ये उपचुनाव बेहद महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट से चुनाव लड़ रही हैं, ममता बनर्जी बंगाल की सीएम बनी रहेंगी या नहीं, इस फैसला इसी चुनाव से होगा.।

## बिहार पंचायत चुनावः पुरुषों से अधिक महिलाओं ने किया मतदान, दूसरे चरण में 55.02 फीसदी हुई वोटिंग

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को 55.02 फीसदी मतदान हुआ। गया में सर्वाधिक 63.50 फीसदी व सीवान में 63.25 फीसदी मतदान हुआ। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शाम 5 बजे तक का जो आंकड़ा मुहैया कराया, उसमें सात जिलों का महिला और पुरुष का अलग-अलग प्रतिशत नहीं था।



शेष 27 जिलों में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा है। दूसरे चरण में 34 जिलों के 48 प्रखंडों की 692 पंचायतों में वोटिंग हुई। आयोग के आयुक्त डॉ. दीपक कुमार ने बुधवार को आयोग परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान के दौरान बक्सर के राजपुर में बूथ संख्या 101 पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी को मतदान में गड़बड़ी करने के आरोप में तत्काल हटा दिया और उनके खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई और दूसरे पदाधिकारी को मतदान के संचालन के लिए तैनात किया।

वहीं, आयोग ने अररिया के भरगामा प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत स्थित बूथ संख्या 87 पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी द्वारा जमीन पर बैठकर मतदान कराने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। अररिया के ही 264 व 264 ए बूथों पर पंच-सरपंच के चुनाव को लेकर मतपत्र (बैलेट) पेपर खो देने के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया और मतदानकर्मियों पर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## आईएएस वीडियो वायरल केसः धर्म परिवर्तन के वीडियो की जांच करने कानपुर पहुंची एसआईटी

**कानपुर (एजेंसी)।** सीनियर आईएएस व यूपीएसआरटीसी के चेयरमैन मोहम्मद इफ्तिखारुद्दीन के वायरल वीडियो प्रकरण में जांच के लिए एसआईटी अध्यक्ष व डीजी सीबीसीआईडी जीएल मीणा गुरुवार को कानपुर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में एसआईटी के सदस्य व एडीजी जोन भानु भास्कर के साथ बैठक की। पत्रकारों से बातचीत में डीजी ने कहा, उनका पूरा प्रयास होगा कि सात दिन में शासन को जांच रिपोर्ट सौंप दी जाए। एडिश्नल सीपी हेडक्वाटर्स आनंद प्रकाश तिवारी भी मौजूद रहे। डीजी ने कहा कि उन्हें कुछ वायरल वीडियो मिले हैं जिनकी जांच शुरू कर दी गई है। जांच को पूरा करने के लिए सीबीसीआईडी से टीम को लगाया गया है। इसमें एक एडिश्नल एसपी, एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर और तीन सिपाही हैं। टीम जांच में सहयोग करेगी।

डीजी ने कहा कि मंडलायुक्त आवास पर तैनात कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी। उस दौरान अधिकारी की तैनाती के दौरान क्या-क्या होता था इसके बारे में पूरी जानकारी जुटाई जाएगी। जिसके बाद रिपोर्ट बनाकर शासन को सौंप दी जाएगी।

## कांग्रेस कुछ नहीं करेगी तो हम चुप नहीं बैठ सकते, कलह से जूझ रही पार्टी को टीएमसी सांसद की नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस में मचे आंतरिक कलह के बीच तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को नसीहत देते हुए कहा कि यह जरुरी है कि कांग्रेस पार्टी आराम कुर्सी से उठे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए सड़कों पर उतरे। मीडिया से बातचीत करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'हमारी लड़ाई कांग्रेस के खिलाफ नहीं है ना ही किसी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ। हमें भारत को बचाने की जरुरत है और इसके लिए जरुरी है कि बीजेपी को हराया जाए। कांग्रेस पिछले सात सालों से राष्ट्रीय तौर पर विपक्षी पार्टी की भूमिका में है। जबकि टीएमसी लगातार बीजेपी को मात दे रही है। मीडिया से बातचीत में अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'अगर कांग्रेस कुछ नहीं कर रही है तो हम चुपचाप नहीं बैठ सकते हैं। जरुरत है कि कांग्रेस आराम कुर्सी से उठे और सड़कों पर उतरे। घरों पर कुर्सी पर बैठ कर यह संभव नहीं है। हम सिर्फ वो पार्टी नहीं हैं जो सिर्फ सोशल मीडिया पर नजर आती है।

अभिषेक बनर्जी का यह बयान



गोवा कांग्रेस के नेता लुझिनो फ्लेरियो के टीएमसी ज्वायन करने के बाद आया है। गोवा में आम आदमी पार्टी और टीएमसी के साथ चुनाव लड़ने को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर भी विराम लगा दिया। बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी अकेले ही चुनाव में उतरेगी। उन्होंने कहा, 'जब टीएमसी ने गोवा में अपनी ईकाई शुरू कर दी है तब निश्चित तौर से हम तीन साढ़े तीन महीनों में वहां चीजों को बढ़ा लेंगे। पार्टी अपनी सारी ताकत गोवा ईकाई को बढ़ाने में लगाएगी। हमें भरोसा है कि आने वाले दिनों में इसके परिणाम नजर आएंगे।' बता दें कि कांग्रेस पार्टी में इस वक्त आंतरिक कलह देखने को मिल रहा है। पहले पंजाब में पार्टी के नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सीएम के पद से इस्तीफा दे दिया और फिर नवजोत सिंह सिद्धू ने भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

## सीएम नीतीश ने कहा, विशेष दर्जा की मांग छोड़ी नहीं, फैसला लेना केंद्र का काम, जातीय जनगणना पर सर्वदलीय बैठक करेंगे

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ कहा है कि हमलोगों ने विशेष दर्जा की मांग छोड़ी नहीं है। इस पर फैसला केंद्र सरकार को लेना है। बुधवार को मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव जी का अपना एक तरीका हो गया कि इतना दिन से मांग किए हैं और नहीं सुना गया है। इसलिए अब विशेष सहायता दी जाए। यह अलग बात है। पर हमलोगों ने इस मांग को छोड़ा नहीं है। मुख्यमंत्री विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि जहां कहीं भी गरीबी है, उसे सहायता



देने की बात है। हमलोगों ने शुरू से कहा है कि सभी राज्यों का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी नीति भी बनी जब कांग्रेस की सरकार थी। इसके बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया। 14 वें वित्त आयोग की रिपोर्ट आई, उसके बारे में कहा गया कि विशेष दर्जा पर उसमें कुछ नहीं कहा गया है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा बाढ़ की समस्या पर उन्हें पत्र लिखे जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें कोई पत्र नहीं मिला है। सवालिए लहजे में कहा कि वे हमें पत्र लिखते कहां हैं? उनका ज्यादा पत्र मीडिया में ही आता है। बाढ़ पीड़ितों की हमलोग हर सहायता कर रहे हैं। जब से मौका मिला है, तब से नियम बनाकर मदद कर रहे हैं। इस बार हम खुद कई जगहों पर गए। कोई भी बाढ़ प्रभावित मदद से वंचित नहीं रहेगा। एक-एक चीज देखी गई है। केंद्र की टीम आई और देख कर गई है। जो मदद करना होगा वह केंद्र करेगा। अलग से इसके लिए दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं हुई है। पहली बार वर्ष 2007 में गये थे और तत्कालीन प्रधानमंत्री को बताया था। पर, उस समय थोड़ा बहुत ही मिला था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाये गये शिविर में कोरोना जांच और टीकाकरण कराया गया। अब तक एक भी पॉजिटिव नहीं मिला है। एक-एक काम किया जा रहा है। बाढ़ के कारण जो खेती शुरू नहीं कर सके, वैसे सब लोगों को भी पूरी मदद देंगे। जिनकी फसल बर्बाद हो गयी, उन्हें भी मदद दी जाएगी। हर जिले में जाकर प्रभारी मंत्रियों ने बैठक की है और एक-एक जानकारी ली गई है। हमने भी हर जिले की बैठक कर एक-एक जानकारी ली। किसी चीज की कमी नहीं होने दी गई। इसके बाद भी अगर किसी के पास कोई सूचना है तो दे दें। जातीय जनगणना पर पूछे सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने दिल्ली जाकर अपनी बात रखी है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र द्वारा बात कही गई है। इस पर हमलोग सर्वदलीय बैठक करेंगे। आपस में बातचीत कर निर्णय लेंगे कि आगे क्या करना है।

## कन्नौज में अखिलेश यादव ने फूंका चुनावी बिगुल, भाजपा पर लगाए बेरोजगारी बढ़ाने और नौजवानों को धोखा देने का आरोप

**कन्नौज (एजेंसी)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कन्नौज में विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता को भाजपा के झूठ और साजिश से बचने की सलाह दी है। कहा-चुनाव आ रहा है तो कई साजिशें होंगी। इनके झांसे में नहीं आना है। बेरोजगारी बढ़ने और नौजवानों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा की सरकार में बंपर भर्ती होगी। कन्नौज के सरायप्रयाग में पूर्व विधायक स्व. कप्तान सिंह यादव की मूर्ति के अनावरण के बाद सपा मुखिया ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। झूठों की पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपाई खुद को दमदार कहते हैं लेकिन किसानों की फसल चट करने वाले दुमदारों पर अंकुश नहीं लगा पाए। साढ़े चार साल में कोई काम किया नहीं, इसलिए अब साजिश रची जा रही है। एक-दूसरे से लड़वाया जाएगा। धीरे-धीरे सच सामने आ रहा है। कन्नौज के छिबरामऊ में मूर्ति लगवाने के नाम पर दो वर्ग को लड़वा दिया। इनसे किसान, नौजवान परेशान हैं। यूपी में बहन-बेटियों संग साधु-संत भी सुरक्षित नहीं हैं। कई संतों की हत्या हो गई। गोरखपुर में पुलिस ने कानपुर के व्यापारी को पीटकर मार डाला। पंचायत चुनाव में पुलिस की मदद से बूथ लुटवाया और सपा कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज करवाया।



## खबर संक्षेप



### लोक कलाकार गायकों की मनमोहक प्रस्तुति पर झूम उठे श्रोता

**करछना।** संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से सरस्वती बाल मंदिर गंधियांव में वसेरा के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन चैता लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति पर झूम उठे श्रोता कार्यक्रम की शुरूआत मंगला प्रसाद गौड़ की अध्यक्षता में किया गया लोक गायक कलाकार वेदानन्द वेद ने चित लागे चैत महिनवा हो रामा सुना के खूब तालियां बटोरी वही लोकगीत कलाकार गायक सत्यनारायण गौड़ ने चैता चैती मैं अंतर बताते हुए उपस्थित श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध ढोलक पर मौजी लाल ने संगत दिया मुख्य अतिथि के रुप में पधारे पवनेश उपाध्याय ने आए हुए लोक कलाकारों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया विशिष्ट अतिथि के रूप में बी एन द्विवेदीजी, आरएन मिश्रा अमित द्विवेदी वेदिका श्रीवास्तव , इश्तियाक अहमद अख्तर अली छात्र छात्राओं सहित गांव गिराव दूरदराज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे कार्यक्रम में पधारे आशुतोष शर्मा ने सब के प्रति आभार जताया ।

### वीरकाजी में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता आज

**फूलपुर।** वीरकाजी गांव में आज विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जनसंघर्ष समिति विशाल कबड्डी प्रतियोगिता के बैनर तले होने वाले इस महासंग्राम में दूर दराज की टीमें प्रतिभाग करेंगीं। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष दुर्विजय भारतीय व कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सरोज ने संयुक्त रूप से बताया की कबड्डी प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के जिला सचिव वकार अहमद सिद्दीकी फीता काटकर करेंगे। आयोजक टीम ने बताया की कबड्डी प्रतियोगिता में प्रसपा के जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे।

# पारिवारिक कलह से त्रस्त महिला ने पंखे से लटक कर दे दी जान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थानांतर्गत टिकरी उपरहार प्रयागराज की एक महिला ने पारिवारिक क्लेश से ऊब कर पंखे से लटककर जान दे दी है सूचना मिलने पर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और महिला की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। घटनाक्रम के मुताबिक पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के टिकरी उपरहार गांव निवासी निवासी ममता देवी उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी दिलेश पासी बुधवार की सुबह 8 बजे अपने घर का दरवाजा बन्द करके पंखे के सहारे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है महिला के परिजनों का कहना है कि जिस समय ममता ने फांसी लगाया उसका पति किसी काम से बाहर गया था जब दिलेश घर वापस आया तो अंदर से दरवाजा बंद था महिला के पति का कहना है कि बहुत आवाज देने पर दरवाजा नही खुला पति के मोहल्ला को सुनकर पड़ोसी लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और काफी प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई आवाज नही आई तो दिलेश व ग्राम वासियों ने पूरामुफ्ती थाना को सूचना दिया मौके पर हल्का इंचार्ज गंगा राम सोनकर मय हमराह घटना स्थल पर पहुचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया है।



घटना के बाद जमा भीड़

### वीडियो बनाकर किशोरी से किया दुराचार भूक्तभोगी ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**जंघई।** प्रयागराज जनपद से सटे मीरगंज थाना के एक गाँव की किशोरी के साथ युवक ने जंघई के एक स्टूडियो में पहले वीडियो बनाया फिर ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने इसकी लिखित शिकायत मीरगंज पुलिस से किया है। मीरगंज थाना के एक गाँव की किशोरी थाने पहुंच कर लिखित शिकायत किया है की 26 सितम्बर को जंघई के एक स्टूडियो मे वह फोटो खिचावानें आयी थी वह अलग कमरे मे अपने कपड़े बदल रही थी तभी एक युवक ने उसका वीडियो बना लिया और उसे धमकी दी की यदि वह शराब नही पीएगी तो उसका वीडियो वह वायरल कर देगा।फिर उसने उसके साथ शराब पीया और उसके बाद लड़के ने उसके साथ दुष्कर्म किया इसके बाद और कितने लोगो ने दुष्कर्म किया यह वह नही जान पायी क्योकि वह बेहोश हो गयी ग्रामीणों के अनुसार 26 की शाम सात बजे वह विक्षिप्त हाल मे गांव के स्कूल के पास मिली तो ग्रामीणों ने उसके परिजनो को सूचना दिया रात मे होश मे आने के बाद उसने अपने परिजनो को घटना की जानकारी दी तो किशोरी अपने परिजनो के साथ थाने पहुंच कर पुलिस को सूचना दिया है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह का कहना है किशोरी की तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### वरूणा बाजार की आदर्श राम लीला कमेटी का हुआ गठन

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के वरूणा बाजार ( खोजापुर) गांव में होने वाली ऐतिहासिक रामलीला कमेटी के गठन हेतु रविवार को एक बैठक हरभानपुर ग्राम प्रधान व कमेटी के संरक्षक भुलेश्वर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अरविंद तिवारी को अध्यक्ष व राजित राम को महामंत्री चुना गया। एडवोकेट सचिन तिवारी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली तो वहीं बासुचन्द्र तिवारी को कोषाध्यक्ष, तथा बुदुल तिवारी व चंचल तिवारी को ब्यवस्थापक पद का दायित्व दिया गया।बैठक में निहाल तिवारी व बालकृष्ण शुक्ला को निर्देशक की जिम्मेदारी देने के साथ ही दीपक तिवारी, रमेशचंद्र तिवारी व चंदन शुक्ला को कमेटी की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नारायण शुक्ल, दयाराम पाण्डेय, सुभाष त्रिपाठी, रमाशंकर, राकेश तिवारी, अवधेश तिवारी,म मनोज तिवारी , विशाल, अनुराग, सक्षम, गोलू, अनुभव के साथ ही गांव के अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मवेशी को बचाने में पलटी ट्रक चालक खलासी सुरक्षित



**उतरांव।** उतराव थाना क्षेत्र के जलालपुर हाईवे पर मवेशी को बचाने में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं चालक खलासी सुरक्षित रहे। हल्दिया से बरेली के लिए डीएपी लादकर जा रही ट्रक जैसे ही उतराव थाना क्षेत्र के जलालपुर जनता ढाबा के पास पहुंचा ही था कि अचानक एक मवेशी के आ जाने से ट्रक अनियंत्रित हो गई वहीं ट्रक अनियंत्रित हो जाने से पलट गई जिसमें चालक महरूम खान पुत्र समीर खान निवासी नगला शाहजहांपुर व खलासी धर्मेंद्र निवासी शाहजहांपुर सुरक्षित रहे।

### समाजवादी छात्र-नौजवान जागरूकता अभियान में युवाओं को किया जागरूक



**मेजा रोड।** विधानसभा मेजा के सिरसा मे समाजवादी छात्र नौजवान जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया। बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के आदेशानुसार समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आकाश यादव शनि के नेतृत्व मे सिरसा के हनुमान पर समाजवादी छात्र नौजवान जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और समाजवादी छात्र सभा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर सूरज वर्मा, देवेंद्र सोनकर, अमरजीत भारतीय, कमल यादव, प्रमोद यादव, अमित कनोजिया, रवि कनौजिया, सूरज कनौजिया, मंगलेश, उमाकांत यादव, अचिन, पंकज गुप्ता, रवि प्रजापति, दीपक, प्रदीप, अंकित प्रधान, अंकुर, राजकमल, विमल, अभिषेक, विशाल भारतीय, पवन जैसल सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने तहसीलदार से मिलकर सौंपा क्षेत्र की समस्यायों से सम्बन्धित ज्ञापन

**कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में तहसील में जुटे कार्यकर्ता**

अखंड्ड भारत संदेश

**फूलपुर।** क्षेत्र की गंभीर समस्याओं के साथ ही महजुदवा गांव में कोटेदार की मनमानी से त्रस्त ग्रामीणों की समस्यायों को लेकर कांग्रेसियों ने बुधवार को तहसील में हंगामा कर दिया। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए जुटे कार्यकताओं ने उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार को पत्र सौंपकर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में जुटे कार्यकताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए बढ़ती महंगाई पर अपना गुस्सा प्रकट किया। डीजल, पेट्रोल के दाम कम करो, महंगाई पर लगाम लगाओ जैसे नारों से कांग्रेसियों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकताओं ने महजुदवा गांव के कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की भी मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबू ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवराज, बड़े लाल बिंद,रामबाबू,रत्नेश पाल, भोलानाथ, विनोद कुमार बिंद, संजय विश्वकर्मा,गिरधारी लाल सरोज, तहजीब उल हसन, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद अकरम, असलम इदरीसी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



फूलपुर तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों गंगापार की आवश्यक बैठक बुधवार को पार्टी कार्यालय सहसों चौराहे पर आयोजित किया गया। बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत किस प्रकार से लोगों को सदस्य बनाना है जनसंपर्क कार्यक्रम भी चलना है जनसंपर्क के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्य जो साढ़े 4 वर्ष में प्रदेश सरकार ने जो कार्य किया है उस कार्य को जनता के बीच में जा करके बताना है। जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्य के बारे में आम जनमानस को जानकारी होनी चाहिए। इसी संदर्भ में पार्टी कार्यकताओं को घर घर जाकर के सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का बखान करना है। इस अवसर मुख्य अतिथि वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि 2022 में पुनः भाजपा की सरकार बने इसलिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें। मौके पर उपस्थित मंडल के प्रभारी मृगेंद्र सिंह ने कार्यकताओं को बूथ विजय पन्ना प्रमुख के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज ने किया एवं संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रमेश कुमार द्विवेदी, जय प्रकाश दुबे, राज धर दुबे, संजय सिंह, पुष्कर सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, महेश सिंह, दया सिंह , राजेश सरोज, अतुल कुमार मिश्रा, राम शुक्ला, बजरंग बहादुर सिंह, मुकेश दुबे, सुभाष शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, संतोष सिंह, रंजना सिंह परिहार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में करते सहसों मंडल के भाजपा कार्यकर्ता

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवीबांध के प्रधाना ध्यापक का सराहनीय कार्य



**कोरांव।** अग्नि प्रकाश शर्मा अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवी बांध द्वारा एक नई तरह का प्रेरक कार्य किया गया है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस को दिव्यांग पुरुष एवं विधवा महिला द्वारा संयुक्तरूप से ध्वज फहराया गया था तब से सभी दिव्यांग एवं विधवाओं को सम्मानित एवं उत्साहित करने के लिए विद्यालय ने अभियान चला रखा है। जिससे उनमें एक सकारात्मक सोच उत्पन्न हो एवं समाज के सभी वर्गों की भागीदारी एवं सहयोग को प्रोत्साहन देकर उन्हें विकास की आम धारा में लाया जा सके ।इसी कड़ी में आज कक्षा 6 के दिव्यांग छात्र अमन कुमार को 30 मिनट के लिए विद्यालय का प्रधानाध्यापक बनाकर उत्साहित किया गया ।प्रधानाध्यापक बनते ही अमन ने सबसे पहले छात्र पंजिका, एमडीएम आदि रजिस्टर देखे ,साथ ही प्रेरणा एवं डीबीटी ऑनलाइन डाटा फीडिंग कार्य भी देखा और समझा ।इस सम्मान से अमन बहुत उत्साहित एवं गौरवांवित महसूस कर रहे थे।



संगठन मजबूत करने को लेकर बैठक में शामिल कांग्रेसजन

## संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

### प्रियंका गांधी की यात्रा व लोगो को जोड़ने पर विचार किया गया

**कोरांव।** विधानसभा कोरांव में कांग्रेस पार्टी की एक बैठक शिव प्रकाश मिश्र सयोजक के नेतृत्व में बैठक का आयोजन कोरांव तहसील पर किया गया। बैठक में युवाओं को जोड़ने और युथ कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जिलाध्यक्ष सूरज शुक्ला ने कहा कि समाज और युवाओं की लडाई हर स्तर पर लड़ने के लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा । विधानसभा कोरांव की आम जनमानस की लडाई लड़ने का आवाहन किया। इसके अलावा प्रियंका गांधी जी की यात्रा को लेकर चर्चा हुई। इसी प्रकार कांग्रेस नेता मोनू शुक्ला ने कहा हम गांव गांव जायेगे और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगो को जागरुक किया जाएगा। प्रिंस तिवारी ने कहा हम गांव गांव यात्रा के माध्यम से हम कार्यक्रम को सफल बनायेगे। मुख्य रूप से उपस्थित सुनील कुमार द्विवेदी,ने कार्यक्रम में कहा कि मैं बाजार से लेकर गावो को जोड़कर लोगो को जागरूक किया जाएगा। प्रमुख रूप से उपस्थित सूरज शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, शिव प्रकाश मिश्रा, प्रियांशु तिवारी प्रमोद तिवारी, सुनील द्विवेदी, आदर्श प्रताप सिंह, प्रमोद मिश्रा प्रभाकर दुबे, शुभम,धर्मेंद्र, अर्पित, ब्रह्मानंद द्विवेदी, प्रदीप, कमल द्विवेदी, अनुराग शुक्ला, अतिबल, आदि लोग उपस्थित रहे।

### महीनों से जला ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रहने को अमिलिया ग्रामीण

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया मेला मन्दिर का 63 केवी का ट्रांसफार्मर महीनों से जला हुआ है,जिससे पूरे मन्दिर परिषद सहित गांव में अंधेरा कायम है।इन दिनों लालापुर क्षेत्र अमिलिया मेला बस्ती में बिजली विभाग द्वारा 100 कनेक्शन व घरों में मीटर लगाया गया है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों ने जले हुए ट्रांसफार्मर को नहीं देख पा रहे हैं। महीनों से अमिलिया मेला व बस्ती के ग्रामीण अंधेरे में रह रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत जेई और 1912 में की गई, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया।जर्जर तार होने की वजह से आये दिन ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं, बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जो कि नवरात्रि में माता रानी को सजाया जाता और पूजा अर्चना की जाती है और गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा बिजली की आवश्यकता है।लेकिन विजली विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर न बदले जाने के कारण पूरे अमिलिया मन्दिर परिषद और लोगों के घरों अंधेरा छाया हुआ है।

# मौत को दावत दे रहा उपकेंद्र, दो फीडर से दिया जा रहा है सैकड़ों गांव को सप्लाई

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र लालापुर से लगभग सैकड़ो गांवो को विद्युत की सप्लाई की जाती है।लगभग 22 वर्ष पूर्व विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की गयी थी।उपकेंद्र में स्थापना के बाद से हाल ही मे नई मशीन लगाई गई है और नया ट्रांसफार्मर 10 टश्अ का लगाया गया है नई मशीन दो तीन साल भर लगे हुए होंगे जो मशीनों की रिपेयरिंग नही की गयी।मशीनों में फाल्ट आने पर जुगाड़ सिस्टम से फाल्ट दूर कर दिया जाता है।जिससे लगातार फाल्ट बना रहता है।गांवो में लगे जर्जर तार आये दिन टूट कर मौत को दावत दे रहें है।हाल ही मे अमिलियन 11,000 से मौत हो गई थी जिसको लेकर ग्रामीणों ने धरने प्रदर्शन किया था और बिजली विभाग पर आरोप लगाया गया था की बिजली विभाग की लापरवाही से मौत हुई है। दूसरी और नोडिया तरहार में तार गिरने से एक ही घर के 2 लोगों की मौत हुई थी अमिलिया के मौत में उसमें बिजली विभाग के ऊपर एफ आई आर भी दर्ज की गई थी उसके बाद भी नहीं बदला गया लगता है बिजली विभाग अभी मौतों का इंतजार कर रही है । जर्जर तार की वजह से आये दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।उपकेंद्र में लगे दो फीडर जो की नई है काफी दिनों से खराब चल रहा है। और जुगाड़ से कर्मचारी बना के सप्लाई देते है हाल मे बिजली विभाग की टीम गांव जाकर कनेक्शन दे रही थी लोगों ने अपनी समस्या बताएं तो बिजली विभाग ने कहा की सभी तार बदले जाएंगे लेकिन कनेक्शन देने के बाद कोई ध्यान नही दिया गया है। बिजली विभाग के उच्च अधिकारी भी उपकेंद्र का हाल देखने आये कई बार परन्तु आज तक सुधार नही हुआ। उपकेंद्र से गांव की बिजली बंद कराने के लिए पूरे फीडर की बिजली मेन सप्लाई काट कर की जाती है।जिससे दो फीडर से जुड़े गांवो में अंधेरा फैल जाता है।उधर नोडिहा गांव के समीप जर्जर तार ,लालापुर गांव के पास दो पोल खराब है बगल हॉस्पिटल भी है उसी रास्ते से स्कूली बच्चों का भी आना जाना है जिसकी शिकायत पोर्टल में की गई थी आज तक नहीं बदला गया। और कभी भी कोई भी अनहोनी हो सकती है ,अमिलिया तरहार,मनकामेश्वर रोड पर मानपुर रोड की तरफ लटकते जर्जर हाई टेंशन का तार मौत को दावत दी रहे है।आये दिन तार टूटने से घटनायें हो रही है,पर विभाग है कि बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

### महात्मा गाँधी रोजगार सम्मेलन में चार अक्टूबर को लखनऊ में भाग लेंगे रोजगार सेवक



**करछना।** चार अक्टूबर को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत मनरेगा सम्मेलन का आयोजन लखनऊ में आयोजित किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोजगार सेवक, तकनीकी सहायकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सम्मानित करेंगे । जिसको लेकर बुधवार को ब्लाक मुख्यालय करछना के मीटिंग हाल में विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाले रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने एक बैठक का आयोजन कर अपनी मांगो को लेकर चर्चा की, और चार अक्टूबर को लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी सम्मेलन में भाग लेने की रणनीति पर विचार विमर्श किया, मौके पर करछना ब्लाक अध्यक्ष रोजगार सेवक संघ करछना महेंद्र कुमार यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष शुक्ला, राम चंद्र तकनीकी सहायक ,शैलेन्द्र कुमार, हरि शंकर, सचिन यादव, नीलम, गिरधारी, अरविंद कुमार, बाल मुकुंद, चंद्र विजय सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक उपस्थित रहे ।

# आंधी में 327 लोगों का हुआ टीकाकरण



टीकाकरण के लिए कतारबद्ध लोग

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** कोविड से बचाव के लिए किए जा रहे टीकाकरण का लोग लाभ ले रहे हैं। क्षेत्र में रोजाना शिविर के तहत कोविड से बचाव हेतु टीकाकरण कर बचाव की जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में मांडा ब्लॉक के आँधी प्राथमिक विद्यालय में बुधवार की दोपहर सीएचसी अधीक्षक डॉ सुरेश सोनकर के निर्देशन में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम से अर्चना पचेड़ा व सुभम कुमार द्वारा आँधी प्राथमिक विद्यालय में शिविर की शुरूआत की गई। जहां कुल 195 लोगों का टीकाकरण किया गया। साथ ही कोविड से बचाव की जानकारी दी गई। इसी तरह क्षेत्र के गरेथा प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंजू यादव व शैलेश कुमार सहित टीम ने शिविर की सुरुआत की। जिसमें कुल 132 लोगों को कोविड से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जबकि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत दिघिया पुलिस चौकी के सिपाही तैनात रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन मिश्रा, रत्नेश यादव, पवन यादव, शेरू पटेल, शिव कुमार डेरी, प्रमोद यादव, विनोद कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### वैक्सीन लगवाना हम हर नागरिक की जिम्मेदारी

**जसरा।** क्षेत्र के विभिन्न गावों मे आज वैक्सीन लगायी गयी इसी क्रम मे भस्मा अरई मे भी वैक्सीनेशन किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री अशोक पटेल ने कहा कि वैक्सीन लगवाना हर नागरिक की जिम्मेदारी हैं। वैक्सीन को लेकर समाज मे जों अफवाहे फैलायी जा रहीं हैं वह बहुत ही निंदनीय अथवा दंडनीय हैं।प्रधान समाज एवम विकास की बहुत ही अहम कड़ी होती हैं किसी भी ग्राम सभा मे यदि प्रधान चाहें तो उक्त गाँव की सामाजिक, भौगोलिक समेत विकास की दृष्टि से भी अनेकों महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं उक्त बातें भस्मा अरई ग्राम के प्रधान अशोक कुमार पटेल पर चरितार्थ होती हैं विगत 04महीने के अंतराल मे शिक्षा, मार्ग, पेयजल प्रमुख क्षेत्रों मे प्रधान महोदय के बड़े पैमाने पर कार्य करवाये जा चुके हैं इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों मे प्रारम्भ भी हैं। गाँव मे हैण्डपम्प रिपयेर, मार्ग निर्माण, प्राथमिक विद्यालय के विकास हेतु टाइल्स लगवाने के साथ अन्य प्रकार से मरम्मत कार्य करवाया जा चुका हैं।एक प्रश्न के जवाब मे ग्राम प्रधान श्री अशोक पटेल ने बताया कि वह समस्त प्रकार के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं आगामी 04वर्षों मे अधिकारियो के सहयोग एवम ग्रामीणों के मार्गदर्शन से अपने ग्राम सभा मे अभूतपूर्व परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे आगे उन्होंने यह भी बोले कि ग्राम सभा के लोगों ने जिस उम्मीद से प्रधान पद पर उन्हें चुनकर भेजें हैं वह ग्रामवासियों के उम्मीदों पर पूरे मनोयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### निरिया में वैक्सीनेशन कैम्प में 315 नें कराया वैक्सीनेशन

**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत आने वाले निरिया प्राथमिक विद्यालय पर वैक्सीनेशन का कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें जो लोग वैक्सीनेशन कराने में छूट गए थे, उनको कोविड वैक्सीन की डोज लगाई गई ।इस मौके पर ग्राम प्रधान अमृतलाल एवं समाजसेवी पवन कुमार यादव ,एनएम अंजिला, दिव्या,एन एम सुनीता द्विवेदी संगिनी, रीमा यादव, आशा सुषमा यादव, शिव देवी, सहायता संगीता, आंगनबाड़ी अर्चना, गीता देवी, प्रधानाध्यापक योगेश्वर कुमार शुक्ला, सफाई कर्मी अनिल कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कुमार,कि मौजूदगी में वैक्सीनेशन लगवाने में सराहनीय योगदान रहा है 315 नें कराया वैक्सीनेशन , जिस मौके पर कृष्ण मोहन यादव, मुकेश कुमार, निरंजन लाल, भोला नाथ यादव, राम जी यादव , मनोज कुमार, याघवेंद्र प्रताप यादव,रविंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## नहीं रहे निर्भीक पत्रकार सुधीर सिंह,क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर घाट पर किया गया अंतिम संस्कार, शोक में बंद रहा शिवराजपुर बाजार**

**शंकरगढ़।** यूपी-एमपी की सीमा पर आबाद नगर पंचायत शंकरगढ़ में पत्रकारिता को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह हमारे बीच नहीं रहे। पखवारा भर पहले वह सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। एसआरएन में इलाज के दौरान बीती रात उनका निधन हो गया। अंतिम संस्कार बुधवार को दूसरे पहर प्रतापपुर घाट पर किया गया। सुधीर सिंह के निधन पर उनके साथियों सहित विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना जताई है। लंबे समय तक एक प्रतिष्ठित अखबार में स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में पत्रकारिता करने वाले सुधीर सिंह के निधन की खबर मिलते ही शिवराजपुर स्थित आवास पर शुभचिंतकों का तांता लग गया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह के निधन पर बारा विधायक डा. अजय कुमार, पूर्व विधायक दीपक पटेल, राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, समाजसेवी सूर्यनिधान पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, महामंत्री रतन केसरवानी, भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, शिवराम सिंह परिहार,सैयद औसाफ अली,कमलेश यादव,शेर सिंह,शिक्षिका सुधा सिंह, नृपेंद्र सिंह, विजय सिंह, बृजेश सिंह, अजय सिंह, अवधेश सिंह, अजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सूर्यप्रकाश त्रिपाठी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी, संरक्षक अमर बहादुर सिंह, शोभनाथ कुशवाहा, भैय्यन अली, छेदीलाल साहू, आलोक गुप्ता, अमर सिंह, जीपी सिंह, लवलेश द्विवेदी, रवि सिंह, विनय साहू, भुवन साहू, आनंद जायसवाल, विनीत सेठी,सोनू भटनागर, लालचंद्र पटेल, नावेद खान, मनोज केसरवानी, हेमराज जादूगर, रोहित केसरवानी, कामद प्रताप सिंह,गुलाब सिंह, महीप सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### 12 सितंबर को हुआ था हादसा

शंकरगढ़ की क्षेत्रीय समस्याओं सहित कोल-आदिवासियों की समस्याओं को लेकर मुखर पत्रकारिता करने वाले सुधीर सिंह क्षेत्र के शिवराजपुर के रहने वाले थे। बताया जाता है कि बीते 12 सितंबर को वह किसी कार्य से बाहर गए थे। घर लौटते समय प्राथमिक पाठशाला शिवराजपुर के पास एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीरावस्था में उन्हे एसआरएन ले जाया गया, जहां बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

### प्रतापपुर घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

सुधीर सिंह के निधन के उपरांत शव का अंतिम संस्कार किया गया। इसके उपरांत शव को घर ले जाया गया। बाद में परिजनों ने स्थानीय प्रतापपुर घाट पर अंतिम संस्कार किया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह की अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए और अंतिम विदाई तक घाट पर डटे रहे। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह के निधन पर शिवराजपुर बाजार भी बंद रहा। सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सुधीर सिंह के निधन से पत्नी पूनम सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### पुरैनी हासिमपुर में स्कूल की बाउंड्रीबाल निर्मण को बाधित कर रहे हैं दबंग, शिकायत

**करछना।** विकास खंड के पुरैनी हासिमपुरगांव में सरकारी स्कूल की बाउंड्री बाल निर्माण में गांव के कुछ दबंगो द्वारा निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर दिया है जिसको लेकर गांव की प्रधान मंजू पांडेय ने उप जिला अधिकारी करछना से शिकायत की और दबंगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रधान मंजू पांडेय ने उप जिला अधिकारी करछना से शिकायत में आरोपित किया कि ग्राम सभा पुरैनी हासिमपुर प्राथमिक विद्यालय में किये जा रहे बाउंड्रीवाल के निर्माण गांव के दबंग राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय पुत्र स्व.लक्ष्मीकांत पाण्डेय व उनके लड़के प्रदीप पाण्डेय व दिलीप पाण्डेय द्वारा उक्त निर्माण कार्य में बाधा डाला जा रहा है तथा मिस्त्री लेबर को गालिया दे कर भगा दिया गया पिलर के लिए खोदे गए गड्ढों को पाट दिया गया जिससे उक्त बाउंड्री वाल का कार्य बाधित हो गया है ऐसी दशा में आवश्यक है कि राजस्व टीम गठित कर उक्त दबंगो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें तथा पुलिस फोर्स की निगरानी में उक्त बाउंड्री वाल का निर्माण पूरा कराए जिससे सरकार की कायाकल्प मंशा पूरी हो सके की मांग की है।

# निरंजनी अखाड़े के पंच परमेश्वर ने लिया फैसला , हरिद्वार में लगेगी अंतिम मुहर

## नरेंद्र गिरि की षोडसी में 10 हजार लोग ग्रहण करेंगे प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि की षोडसी मृत्यु के 16 वें दिन होने वाला भोज पांच अक्टूबर को तय है। 5 अक्टूबर को ही दिन में 11 से 1 बजे के बीच बलवीर गिरि का पट्?टाभिषेक होगा। 30 सितंबर को हरिद्वार में प्रस्तावित पंच परमेश्वर की बैठक में श्री बाघंबरी गद्दी मठ के उत्तराधिकारी के रूप में बलवीर गिरि के नाम पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव रवींद्र पुरी ने दी।

**हरिद्वार में लगेगी अंतिम मुहर**

रवींद्र पुरी ने बताया कि मंगलवार को पंच परमेश्वरों की एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में बलवीर गिरि को नरेंद्र गिरि का उत्तराधिकारी घोषिक किए जाने पर औपचारिक सहमति बन गई है। 30 सितंबर को हरिद्वार में निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद महराज के साथ अन्य पंचों की हो रही बैठक में बलवीर गिरि के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इसके बाद पांच अक्टूबर को फूल-मालाओं के साथ संत समाज के लोग बलवीर गिरि को नरेंद्र गिरि का उत्तराधिकारी बनाएंगे। उन्हें महंतई चादर ओढ़ाएंगे। इसी दिन महंत नरेंद्र गिरि का षोडसी संस्कार व भोज होगा। इसमें देशभर से करीब 10 हजार लोग शामिल होंगे। उनका कहना है कि सभी अखाड़ों की सहमति से बलवीर गिरि को श्री बाघंबरी गद्दी मठ का अगला उत्तराधिकारी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। षोडसी के हर दिन पांच अक्टूबर 2021 को बलवीर गिरि का पट्टाभिषेक होगा।

### बलवीर गिरि के नाम पर बनी है आम सहमति



रवींद्र पुरी ने बताया कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों की भी आम सहमति है कि नरेंद्र गिरि की वसीयत के अनुसार बलवीर गिरि को श्री मठ बाघंबरी गद्दी का अगला मठाधीश्वर घोषित किया जाए। उसदिन आफिशियली नए मठाधीश की घोषणा कर दी जाएगी। घोषणा के अनुसार 6 अक्टूबर को नए उत्तराधिकारी का पट् टाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद मठ की जिम्मेदारी नए मठाधीश को सौंप दी जाएगी।

**8 से 10 हजार लोग ग्रहण करेंगे प्रसाद**

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की षोडसी 5 अक्टूबर को रखी है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसदिन 8 से 10 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई है। इसमें देशभर से साधु-संत, महामंडलेश्वर और आम श्रद्धालु भाग लेंगे। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव रवींद्र पुरी ने बताया कि आम लोगों में मृत्यु के 13वें दिन भोज होता है। साधु-संतों में मृत्यु के 16वें दिन षोडसी होती है। महंत नरेंद्र गिरि की मौत का 16वां दिन पांच अक्टूबर को पूरा हो रहा है। ऐसे में नरेंद्र गिरि की षोडसी पांच अक्टूबर को होगी। इसमें देशभर से सभी 13 अखाड़ों के संत-महात्मा भाग लेंगे। इसी दिन उत्तराधिकारी के नाम की भी घोषणा की जाएगी। श्री मठ बाघंबरी गद्दी में पांच अक्टूबर को षोडसी होगी।

### मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम भी लेंगे भाग

रवींद्र पुरी ने बताया कि महंत नरेंद्र गिरि के षोडसी का कार्ड छपवा दिया गया है। देशभर के साधु-संतों, मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम व प्रमुख प्रबुद्ध लोगों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। इस कार्यक्रम में आठ से 10 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था रहेगी। देशभर से आने वाले साधु-संतों के लिहाज से तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन को भी इस आशय से अवगत करा दिया गया है।

### एक अक्टूबर को ग्राम प्रधान चंद्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज चलें : अवतार किशन सिंह

**करछना।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के आवाहन पर 1 अक्टूबर समय 10 बजे दिन सभी ग्राम प्रधान अपने अधिकार व सम्मान की लड़ाई लड़ने हेतु चंद्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज पहुंचे.संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राम सेवक यादव व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सत्येंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों का संगठन 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चंद्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज में एक सभा करेंगे.इसके पश्चात सभी प्रधान गण लामबंद होकर बालसन चौराहे पर लगी गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे.इसके बाद प्रधानों का संगठन जिलाधिकारी प्रयागराज के कार्यालय पहुंचे वहां पर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा संतुष्ट ना होने की दशा में सभी ग्राम प्रधान धरना पर भी बैठ सकते हैं। सभी ग्राम प्रधान अपने अधिकार व सम्मान की लड़ाई को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं । उक्त आशय की जानकारी करछना ब्लाक के प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट ने दी।

## प्रयागराज में आयोजित होगा राष्ट्र उदय पार्टी का प्रदेशिक सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्र उदय पार्टी का प्रांतीय सम्मेलन प्रयागराज में आयोजित किया गया है पार्टी के पदाधिकारियों ने समस्त पार्टी जनों से सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन की सफलता से पार्टी के प्रति समाज में अच्छा संदेश जाएगा राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण पाल सिंह ने पदाधिकारियों को सूचित करते हुए कहा है कि जो पदाधिकारी बाहर रह रहे हैं वह पदाधिकारी बाहर रह कर के अपने घर वालों को साथ में रिश्तेदारों को फोन करके सूचित करें कि ज्यादा से ज्यादा लोग 10 अक्टूबर को अलोपीबाग स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल गेस्ट हाउस में पार्टी के आयोजित कार्यक्रम में अपने सगे संबंधियों अपने घर के लोगों के साथ अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंच कर पार्टी के कार्यक्रम को सफल बनाएं उन्होंने कहा कि पदाधिकारी गण ज्यादा से ज्यादा संख्या में राष्ट्र उदय पार्टी के कारवां में तेजी लाये उन्होंने कहा कि जिससे राष्ट्र उदय पार्टी के प्रदेशिक सम्मेलन को सफल बनाया जा सके उन्होंने कहा कि इसमें सारे पदाधिकारियों और सदस्यों को अपने साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलाने का प्रयास करे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी कलां करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरी कलां विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01–09–2021 से दिनांक 04–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत देवरी कलां में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 08–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 08–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से सत्यदेव के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | (3.99 लाख) | 2 माह |
| 2. | आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य | (3.10 लाख) | 2 माह |
| 3. | मालती देवी (पशु शेड) कार्य | (1.16 लाख) | 2 माह |
| 4 | पुष्पा सेन (पशु शेड) कार्य | (1.16 लाख) | 2 माह |

**कमला देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत देवरी कलां
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

**राम सकल**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवरी कलां
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/दिनांक


# ससुरालियों द्वारा बर्बर पिटाई मामले में कार्यवही न होने से संतकुमारी ने लगाई एसएसपी से गुहार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ससुरालियों द्वारा युवक की बर्बरतापूर्वक की गयी पिटाई मामले में खीरी पुलिस द्वारा आज-तक कोई कार्यवाही न किये जाने का प्रकरण प्रकाश में आया है। बेटे को लेकर इलाज के लिए दर-दर भटक रही पीड़ित की मॉ संतकुमारी ने दौरान इलाज एसएसपी प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। प्रकरण खीरी थाना क्षेत्र के किहुनी कलां गॉव का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के किहुनी कलां गॉव की रहने वाली भुक्तभोगी संतकुमारी पत्नी स्व0 रमाशंकर ने बीते मंगलवार को एसएसपी प्रयागराज के अलावा मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग एवं पुलिस के अन्य उच्चाधिकारियों को जरिये डाक भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह लगभग दस वर्ष पूर्व अपने लड़के अनिल कुमार की शादी कोरांव, थाना क्षेत्र के नेवढ़िया पाल गॉव निवासी झूरू प्रसाद की लड़की अंजना देवी के साथ किया था। एसएसपी प्रयागराज को दी गयी शिकायत में संतकुमारी ने इस बात का जिक्र करते हुए लिखा है कि उसकी बहू अंजना देवी का उसके फूफा विष्णु पुत्र बरसाती लाल निवासी बसहर, थाना चाकघाट से शादी के पूर्व से नाजायज सम्बन्ध था जिसकी जानकारी उसे व उसके लड़के अनिल को नहीं थी। बताया गया कि जब अंजना देवी शादी कर उसके घर आयी तो दोनों के नाजायज सम्बन्ध की उसे जानकारी हुई जिस पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए संत कुमारी व उसके लड़के ने अंजना देवी के मायके वालों से शिकायत किया। प्रकरण के बावत संतकुमारी की बातों को सच माना जाय तो उसका आरोप है कि अंजना देवी के माइके वाले उसकी शिकायत को गम्भीरता से लेने के बजाय उल्टा बीते दिनांक 2 जून 2021 ई0 को आधा दर्जन की संख्या में अंजना देवी के माइके वाले उसके घर आये और ताबड़तोड़ उसके घर में घुसकर जो मिला उसकी को गाली-गुप्ता देते हुए बुरी तरह लाठी-डण्डों से मारेपीटे थे। इस दौरान अंजना देवी का भाई विश्वभर उसकी शादीशुदा लड़की सावित्री देवी के साथ अभद्रता भी किया था (ऐसा आरोप संतकुमारी है) गौरतलब है कि उक्त घटना की जानकारी 112 नं0 पर देने के पश्चात भुक्तभोगी की मॉ संतकुमारी खीरी थाना गयी और तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगायी लेकिन खीरी पुलिस ने कार्यवाही करने के बजाय उल्टा उसके लड़के अनिल कुमार को ही मारपीट कर थाने में बंद कर दिया था उसके लड़के की डाक्टरी भी नहीं कराये थे। बता दें कि ससुरालियों द्वारा बर्बरतापूर्वक की गयी पिटाई में घायल अनिल कुमार का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है जहॉ उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है हलांकि बीते तीन माह से अस्पताल की बेड पर जिन्दगी और मौत की जंग लड़ रहे पीड़ित अनिलकुमार की विधवा माता संतकुमारीने एसएसपी प्रयागराज से मामले में हस्तक्षेप करते हुए कार्यवाही की गुहार लगाते हुए लिखा है कि यदि अस्पताल में इलाज के दौरान उसके बेटे की मौत होती है तो उस मौत की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अंजना देवी के माइके वालों के साथ-साथ खीरी पुलिस प्रशासन की होगी।



**बीते तीन माह पूर्व हुई थी मारपीट की घटना**
**खीरी पुलिस ने नहीं की थी कोई कार्यवाही**
**घायल बेटे अनिल कुमार को लेकर इलाज के लिए दर-दर भटक रही है मॉ-**

### युवा प्रधानों के प्रेरणास्त्रोत एवं आदर्श के रूप मे उभर रहें भस्मा अरई के प्रधान अशोक पटेल

**जसरा।** प्रधान समाज एवम विकास की बहुत ही अहम कड़ी होती हैं किसी भी ग्राम सभा मे यदि प्रधान चाहें तो उक्त गाँव की सामाजिक, भौगोलिक समेत विकास की दृष्टि से भी अनेकों महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं उक्त बातें भस्मा अरई ग्राम के प्रधान अशोक कुमार पटेल पर चरितार्थ होती हैं विगत 04महीने के अंतराल मे शिक्षा, मार्ग, पेयजल प्रमुख क्षेत्रों मे प्रधान महोदय के बड़े पैमाने पर कार्य करवाये जा चुके हैं इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों मे प्रारम्भ भी हैं। गाँव मे हैण्डपम्प रिपयेर, मार्ग निर्माण, प्राथमिक विद्यालय के विकास हेतु टाइल्स लगवाने के साथ अन्य प्रकार से मरम्मत कार्य करवाया जा चुका हैं।एक प्रश्न के जवाब मे ग्राम प्रधान श्री अशोक पटेल ने बताया कि वह समस्त प्रकार के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं आगामी 04वर्षों मे अधिकारियो के सहयोग एवम ग्रामीणों के मार्गदर्शन से अपने ग्राम सभा मे अभूतपूर्व परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।



### सूचना

मोहम्मद इस्माइल खान पुत्र मजीद निवासी 170/10 चकदोंदी नैनी तहसील करछना प्रयागराज का हूँ, यह कि मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम 23 M ,नैनी कार्यालय में बीमा पालिसी सख्या 14158287 कराया था जिसमें मेरा घरेलू नाम अच्छू अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद इस्माइल खान अंकित है ।कृपया मेरे बीमा पालिसी में नाम अच्छू गलत हैं, अतः मुझे मोहम्मद इस्माइल खान के नाम से जाना व पहचाना जाय और दस्तावेजो में दर्ज किया जाय।




## कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़ करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15–09–2021 से दिनांक 18–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत रामगढ़ में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ध्रुव नारायण के घर से संजय लाल के घर तक इंटरलाकिंग व खड़ंजा कार्य | (2.00 लाख) | 2 माह |
| 2. | गुड्डी के घर से भुवर सिंह के घर तक इंटरलाकिंग व खड़ंजा कार्य | (2.50 लाख) | 2 माह |
| 3. | ओमकार के घर से गोमा के घर तक इंटरलाकिंग व खड़ंजा कार्य | (2.00 लाख) | 2 माह |
| 4 | मुड़हा भारतीय के घर से रमाकांत प्रजापति घर तक इंटरलाकिंग व खड़ंजा कार्य | (2.50 लाख) | 2 माह |
| 5 | पिन्टू शुक्ला के घर से मुड़हा भारतीय के घर तक इंटरलाकिंग व खड़जा कार्य | (2.50 लाख) | 2 माह |
| 6 | विद्याकान्त शुक्ला के घर से केदारनाथ के घर तक इंटरलाकिंग व खड़जा कार्य | (2.50 लाख) | 2 माह |

**कृष्णावती**
प्रधान
ग्राम पंचायत रामगढ़
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

**संजीव श्रीवास्तव**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामगढ़
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/दिनांक


## चाइनीज मंझे ने रेता चकबंदी लेखपाल का गला, हालत नाजुक

**प्रयागराज।** पुलिस की लापरवाही आम शहरियों पर भारी पड़ रही है लेकिन अफसरों की नींद टूटने का नाम नहीं ले रही है। शहर के लिए नासूर बने चुके चाइनीज मंझे से फिर एक हादसा हुआ। चकबंदी लेखपाल राहुल मिश्र शास्त्री ब्रिज पर इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर आक्रोशित चकबंदी लेखपाल संघ व अन्य संगठनों ने बुधवार को डीएम को ज्ञापन सौंपकर चाइनीज मंझे का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले राहुल झूंसी में परिवार समेत रहते हैं। वर्तमान में उनकी ड्यूटी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आपदा कंट्रोल रूम में लगी है। 27 सितंबर की शाम छह बजे के करीब वह बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी अलोपीबाग चुंगी के पास उनके गले में चाइनीज मंझा लिपट गया जिसकी चपेट में आने से वह जख्मी हो गए। लहुलुहान होकर वह बाइक समेत नीचे गिर गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इसके बाद वह खुद ही लहुलुहान हालत में अस्पताल पहुंचे जहां उनका इलाज चल रहा है। उधर घटना से आक्रोशित उप्र चकबंदी अधिकारी व लेखपाल संघ, चकबंदी कर्ता संघ व प्रा. मिनिस्टीरियल संघ की ओर से बुधवार को संयुक्त रूप से डीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेशपाल सिंह, पुष्कर बाबू, विनय कुमार सिंह, गोविंद सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि चाइनीज मंझे से शहर में यह पहला हादसा नहीं। इससे पहले भी अलोपीबाग, मेडिकल चौराहा, पानी की टंकी फ्लाईओवर समेत तमाम जगहों पर चाइनीज मंझे से हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस इनकी बिक्री व इस्तेमाल करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई नहीं करती। नतीजतन लगातार हादसे हो रहे हैं।

## भाजपा यमुनापार जिला के 20 मंडल मीडिया प्रभारी हुए घोषित

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन पर यमुनापार के दो जिला सह–मीडिया प्रभारी व बीस मंडलो के "मंडल मीडिया प्रभारी" के नियुक्ति की घोषणा की है। यमुनापार जिला सह–मीडिया प्रभारी राम कुमार शर्मा,जिला सह–मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्र,सोमेश्वर महादेव मंडल से रोहित केसरवानी,चाका मंडल अभिषेक सिंह,भीरपुर मंडल आशीष कुमार त्रिपाठी,भडेव्रा मंडल आलोक शुक्ला,करछना मंडल उमेश पांडेय,कोरांव मंडल नरेंद्र सिंह,अयोध्या मंडल नयन मिश्रा, कोहणार मंडल अभिषेक मिश्रा,बड़ोखर मंडल अभिनव सिंह, लेडियारी मंडल राम गोपाल मिश्र,शंकरगढ़ मंडल संदीप सिंह,नारीबारी मंडल विवेक सिंह,कौधियारा मंडल रत्नाकर तिवारी,लालापुर मंडल इंद्रेश सिंह,जसरा मंडल आलोक कुमार पाठक,सिरसा मंडल रोशनलाल पाल,उरूवा मंडल अमरजीत जैसल,मेजा मंडल धर्मेंद्र चंद्रा,दिघिया मंडल विवेक कुमार मिश्रा,मांडा मंडल अरविंद कुमार बिंद को मंडल मीडिया प्रभारी के दायित्व देकर जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने जिला सह मीडिया प्रभारी व मंडल मीडिया प्रभारियों के नवनियुक्ति पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा अब सरकार और पार्टी के योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाकर सबको कमल खिलाने के प्रयास में जुटना होगा। जिला पदाधिकारियों ने सभी मीडिया प्रभारी को शुभकामनाएं दी हैं।



## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी कलां करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरी कलां विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 07–09–2021 से दिनांक 10–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत देवरी कलां में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 13–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 13–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन मरम्मत कार्य | (3.99 लाख) | 2 माह |
| 2. | किचेन शेड निर्माण | (1.50 लाख) | 2 माह |
| 3. | संविलियन विद्यालय देवरी कलां में टाईल्स कार्य | (3.99 लाख) | 2 माह |
| 4 | रामबली के घर से रमाशंकर के घर तक पक्की नाली व इंटरलाकिंग कार्य | (3.99 लाख) | 2माह |

**कमला देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत देवरी कलां
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

**राम सकल**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवरी कलां
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/दिनांक

# चयन वेतनमान जारी न करने के विरोध में गरजे शिक्षक

## बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दिया धरना



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों के चयन वेतनमान जारी न करने के विरोध में जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में धरने का आयोजन किया गया। धरने में जिले के सभी विकास खंड से बहुतायत संख्या में शिक्षक उपस्थित हुए।

इस दौरान रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि चयन वेतनमान को लागू करने में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा तथा विभाग के लिपिक द्वारा लगातार लापरवाही बरतने के कारण शिक्षकों का अहित हो रहा है। चयन वेतनमान की पत्रावली पूर्ण होने के पश्चात भी चयन वेतनमान जारी न करना शासन के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के साथ-साथ अधिकारियों की हठधर्मिता और उनका शिक्षकों के साथ नकारात्मक व्यवहार प्रदर्शित करता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय ने कहा कि शिक्षकों के की अनेक मांगों जिसमें मृतक आश्रित तथा कोविड काल में मृत लोगों के परिजनों को समायोजित करने की दिशा में भी विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिला मंत्री विनय सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हित में हमारी मांगे पूरी होने तक यह धरना अनवरत चलता रहेगा। शिक्षकों के साथ दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जा सकता। कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय ने सभी शिक्षकों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आवाहन किया।

धरने का संचालन जिला कार्यसमिति के सदस्य प्रभाशंकर पांडेय ने किया। इस अवसर पर पंकज तिवारी, रामानंद मिश्रा, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, अनिल पांडेय, मानवेंद्र, प्रभाकर प्रताप सिंह, राजीव गुप्ता, मनोज पांडेय, सुधीर सिंह, नवीन शुक्ला, जैनेंद्र सरोज, राकेश सिंह,विजय मिश्र, प्रभात मिश्र, नवीन सिंह, अमरकंटक ,पन्नलाल आदि उपस्थित रहे।

# आरपीएफ का साइबर कैफे पर छापा, 58 हजार का टिकट मिला

## सगरा सुंदरपुर बाजार से संचालक गिरफ्तार, लैपटॉप मोबाइल जप्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल प्रतापगढ़ की टीम ने लालगंज सगरा सुंदरपुर बाजार में साइबर कैफे पर छापा मारकर 58 हजार का रेल टिकट बरामद किया। कैफे संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्य में इस्तेमाल मोबाइल और लैपटॉप को सीज कर दिया गया है। छापे से हड़कंप है।

इन दिनों साइबर कैफे की आड़ में मानक से अधिक गलत तरीक़े से ई रेल टिकट बनाने का धंधा हो रहा है। कई कैफे वालों को पुलिस जेल भेज चुकी है। मंगलवार को भी एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर पोस्ट ऑफिस के बगल मोहसिन साइबर सगरा सुंदरपुर पर आरपीएफ ने छापा मारा। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान दुकान से एक टिकट भविष्य का कीमत 980 और 25 टिकट भूतकाल के कीमत 57 हजार रुपये बरामद हुआ। आरपीएफ के अनुसार दुकान मालिक मोहसिन खान को गिरफ्तार कर बुधवार को रेलवे एक्ट में जेल भेज दिया गया है। कार्यवाई में उपनिरीक्षक राजीव कुमार उपाध्याय, एएसआई राकेश कुमार, डीपी सिंह शामिल रहे।

# 2022 में सर्व समाज को लेकर सपा बनाएगी सरकार: विकास

## सपा कार्यालय पर समीक्षा बैठक सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा विकास यादव पर्यवेक्षक की मौजूदगी में संगठन, सेक्टर/बूथ प्रभारी तथा 2022 विधानसभा चुनाव आवेदन कर्ताओं की समीक्षा बैठक की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस दौरान पर्यवेक्षक विकास यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 116 दिन का दौरा किया जा रहा है जिसमें प्रतापगढ़ जनपद में विगत दो दिन से बूथ की समीक्षा हमारे नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें सारे विधानसभा अध्यक्ष बूथ सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे और उनको जीत का मंत्र दिया गया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के आधार पर और सर्व समाज को लेकर समाजवादी पार्टी 2022 का चुनाव लड़ेगी और 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष भैया राम पटेल, शक्ति सिंह, पूर्व विधायक मुनन यादव, पूर्व विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुषमा पाल, पूर्व प्रमुख शांति सिंह, महिमा गुप्ता, वासिक खान, शायर शहजादा कलीम, संतोष यादव, राहुल सिंह, संजय पांडेय, जगदीश मौर्य, इरशाद सिद्दीकी, लाल बहादुर सरोज व मीडिया प्रभारी वकार अहमद मौजूद रहे।

## चैनल के नाम पर मेडिकल दुकानदार से मांगी रंगदारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां रेलवे फाटक निकट कई दुकानदार से बुधवार की दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे कार सवार तीन लोग अपने को इंडेपेंडेंट सिटीजन न्यूज का पत्रकार बताते हुए दुकान का बीडीओ बनाकर रुपये की डिमांड किया जिस पर दुकानदार ने एक हजार रुपया दिया जिसकी साथ मे रसीद भी दिया जो फर्जी दिखाई दे रही थी। इसके बाद दूसरे दुकानदार के पास पहुँचकर पैसे की डिमांड किया तो दुकानदारों ने चैनल के प्रेस आई कार्ड दिखाने को कहा। मामला फर्जी लगने पर ब्यापारियों में हड़कम्प मच गया। मौके पर आस पास के मीडिया कर्मी व परियावां ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य भी पहुच गए। मामले को सीएमओ को फोन पर अवगत कराया। मामला फर्जी होने पर आस पास के ब्यापारियों ने स्थानीय पुलिस को घटना से अवगत कराते हुए जानकारी दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस चैनल के तीनों पत्रकार को कार सहित थाने ले गयी जहाँ सभी से पूछताछ किया। समाचार भेजे जाने तक ड्राइवर सहित चारो आरोपी पुलिस हिरासत में है।

# प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य जीवन के लिये भाजपाइयों ने किया सुंदरकाण्ड का पाठ

## बेल्हा देवी मंदिर में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा के नेतृत्व में बेल्हा देवी मंदिर प्रांगण में हवन कुंड स्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य जीवन एवं उनके दीर्घायु हेतु सुंदरकांड का पाठ किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के विकास एवं देश की सुरक्षा के लिए 18 घंटे प्रतिदिन कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री का देश के प्रति जो समर्पण है, इसीलिए भाजपा अनके जन्मदिन को सेवा समर्पण के रूप में मना रही हैं। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता चाहते हैं कि प्रधानमंत्री की आयु लंबी हो एवं स्वस्थ जीवन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुलदेवी मां बेला देवी से प्रार्थना किया की व स्वस्थ एवं दीर्घायु रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीके जन्मदिन 17 सितंबर से ही भाजपा सेवा सप्ताह मना रही है जिसके अंतर्गत भाजपा के कार्यकर्ता लगातार सेवा कार्य में लगे हैं। इस दौरान जिला महामंत्री राजेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव, जिला मंत्री रामजी मिश्रा, भाजयुमो जिला मंत्री अर्पित तिवारी, रामजी मिश्रा, भाजयुमो जिला मंत्री अर्पित तिवारी, मंडल अध्यक्ष शिव विलास उमरवैश्य, विक्रम सिंह, गजराज सिंह, सिद्धार्थ सिंह रघुवर आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

## रमाशंकर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान मकूनपुर में हुआ आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेत्तृत्व में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बुधवार को शिव मूर्ति रमाशंकर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरपुर मक़ूनपुर, प्रतापगढ़ में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी प्रतापगढ़ जयकरन वर्मा एवं प्रतापगढ़ 248 सदर विधानसभा के प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उसके उपरांत कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला एवं कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी ने संयुक्त रुप से प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत किए। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी एवं संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। इस दौरान अन्य जनपदों से आये प्रशिक्षकों ने अनेक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सड़वा चंडिका एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंगरौरा के पदाधिकारी गण, न्याय पंचायत के पदाधिकारी गण एवं ग्राम पंचायत अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वीके सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मी शंकर मिश्रा, प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रतापगढ़ सदर विधानसभा आशुतोष तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सड़वा चंडिका के अध्यक्ष मोनू मिश्रा एवं मंगरौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर के सामूहिक व सामुदायिक शौचालयों की आधुनिक मशीनों से नपा ने की सफाई

## नगर के सभी शौचालयों का क्यूआर कोड है निर्धारित



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर शासन द्वारा मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के क्रम में नगर के सभी सामूहिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई आधुनिक मशीनों से की गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर के सभी शौचालयों का डिजिटल क्यूआर कोड निर्धारित है जिससे अधिकारी तथा शासन-प्रशासन में बैठे लोग नगर के शौचालयों की स्थिति की डिजिटली आंकलन कर लेते हैं।

बुधवार को दिन भर नगर पालिका के कर्मचारी अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में शौचालयों की साफ-सफाई में जुटे रहे। इस मौके पर सफाई निरीक्षक एस0के0 सिंह के साथ डीपीएम वरुण कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के डिस्टिक कोआर्डिनेटर आशीष मिश्रा व राजेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। बता दें कि शासन ने नगर पालिका को 27 सितम्बर से तीन अक्टूबर तक के कार्यक्रमों की सूची भेजी है जिसके अनुसार नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उसका शत-प्रतिशत अनुपालन करने में जुटे हैं।

# नाले मे समाया अधेड़, मौत से कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नाले मे समा जाने से अधेड़ की मौत हो गयी। स्थानीय कोतवाली के कांसापुर बासूपुर निवासी नन्हें शर्मा 30 पुत्र मोतीलाल का बुधवार की सुबह गांव के समीप नाले मे शव उतराया देख परिजन आवाक रह गये। परिजनों के मुताबिक मृतक नन्हें मंगलवार को सई नदी मे मिलने वाले एक नाले मे मछली पकड़ने गया था। अचानक वह पैर फिसलने से नाले मे समा गया। देर शाम तक उसके घर न लौटने पर परिजन तलाश करते रहे। बुधवार की सुबह नन्हें का शव नाले मे उतराया देख परिजनों की चीख निकल पड़ी। मृतक दो भाइयों मे छोटा था और वह अपने पीछे दो निराश्रित बेटियों व पतने को छोड गया है। हालांकि परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को नही दी। बुधवार को परिजनो ने नन्हें का अंतिम संस्कार कर दिया। नन्हें की मौत से घर परिवार मे कोहराम मचा हुआ है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह तीन बजे के लगभग किसी काम से मानधाता थाना क्षेत्र के खरगीपुर निवासी तीन लोग मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान कटरा मेदनीगंज चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों लोग गिर पडे़ जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गये। इलाज के लिये उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां से एक की हालत गंभीर होने पर स्वरुपरानी रेफर किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है।

# प्रमोद व मोना के खिलाफ एफआईआर को लेकर प्रदर्शनकारियों ने जतया आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी के खिलाफ दर्ज मुकदमो को लेकर विरोध प्रदर्शन का सिलसिला थमता नही दिख रहा है। घटना के पांचवे दिन भी यहां बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा अधिवक्ताओं व व्यापारियो को हाइवे पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घंटो कोतवाली गेट पर आक्रोश जताते देखा गया।

मानिकपुर कोतवाल सुभाष यादव तथा निरीक्षक संजय पाण्डेय ने किसी तरह विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाबुझाकर स्थिति को नियंत्रित करने मे मशक्कत करते भी दिखे। दोपहर अचानक सैकडो की संख्या मे लोग प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के समर्थन मे नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आये। प्रदर्शनकारी जहां विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी पर दर्ज मुकदमों की वापसी की मांग करते दिखे। वहीं इनमें दूसरे पक्ष की ओर से घटना के चार दिन बाद भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने को लेकर आक्रोश दिखा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने आगाह किया कि यदि प्रशासन ने एकतरफा कार्रवाई जारी रखी तो अब विरोध प्रदर्शन तेज होगा। इस मौके पर केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अजय शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, सभासद सोनू शुक्ल, सभासद अनिल पाण्डेय, व्यापारमण्डल के उपाध्यक्ष विनय जायसवाल, रामअभिलाष यादव, शैलेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# हत्या के अभियोग से संबंधित दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना अन्तू से थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 395/21 धारा 302 भादवि से संबंधित वांछित दो अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ मनीष कुमार सिंह पुत्र सुभाष सिंह नि0 इसरी का पुरवा, मझिलहां थाना अन्तू व प्रेमचन्द्र उर्फ पोलानी पुत्र सहदेव सरोज नि0 मझिलहां थाना अन्तू को थाना क्षेत्र के देवघाट तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि आदित्य (मृतक) हमारा साथी था। 27 सितम्बर को हम सभी लोग देवघाट पुल के पास गये। हम सभी ने शराब पी और वहीं पर सई नदी में नहाने लगे। आदित्य शराब के नशे में हम लोगों से उल्टा-सीधा कहने लगा। इस पर हमने उसे धक्का दे दिया और वह नदी के गहरे पानी में गिर कर डूब गया।

# सुरक्षा प्राप्त करने के लिए सांसद ने लिखाई फर्जी रिपोर्ट: प्रमोद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने जिले के सांगीपुर विकास खण्ड में हुई घटना की आड़ मे सांसद संगम लाल गुप्ता की दर्ज करायी गई एफआईआर को महज सांसद द्वारा सुरक्षा प्राप्त करने के लिए झूठी एवं निराधार करार दिया है।

विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सांसद संगम लाल गुप्ता समेत एक साथ छः एफआईआर दर्ज कराया जाना दुर्भाग्यपूर्ण एवं अनैतिक होने के साथ पूरी तरह से मनगढ़ंत और झूठी रचना के अलावा कुछ भी नहीं है।

बुधवार को यहां जारी संयुक्त बयान मे प्रमोद तिवारी तथा आराधना मिश्रा मोना ने सांसद संगमलाल गुप्ता द्वारा इसके पूर्व भी लिखाई गई कई एफआईआर के झूठ निकलने का हवाला देते हुए कहा है कि एक माह पूर्व प्रयागराज जाते समय अज्ञात लोगों द्वारा सांसद ने अपनी गाड़ी का पीछा करने की भी रिपोट दर्ज करायी। दूसरी रिपोट सांसद द्वारा अपने भाई पर हमला किये जाने और तीसरी रिपोट घर पर अज्ञात लोगों के आने और दुबई से अज्ञात हमलावरों द्वारा भी धमकी दिये जाने की सांसद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# प्रतापगढ़ एसएस की कुर्सी पर इबरार की हुई ताजपोशी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खतरे की तलवार वाली प्रतापगढ़ स्टेशन अधीक्षक की कुर्सी पर चिलबिला के एसएस इबरार अहमद की ताजपोशी की गई है। 34 वर्ष के कार्यकाल में वे 26वें एसएस बने। बुधवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसी के साथ ही कुर्सी को लेकर महीनों से चली आ रही उठा पटक पर विराम लग गया। कुर्सी मिलने के बाद साथ में कई जिम्मेदारी और तमाम चुनौतियों का भी सामना करना होता है। जहां तक इबरार का सवाल है। लोगों का कहना है कि उम्मीद है कि वह यह सब कर लेंगे, क्योंकि पूर्व में वे यहां पर कई वर्षी तक रहें हैं।

## खबर संक्षेप

### दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अलग अलग थानों द्वारा दो वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना करारी पुलिस द्वारा सीआरपीसी में वारंटी अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र पिरवीलाल निवासी महमूदपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वारण्टी अभियुक्त दिनेश कुमार सोनकर पुत्र राम प्रसाद सोनकर निवासी गडरियन का पुरवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त सत्यनारायण साहू पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद साहू निवासी अहमदपुर कुसुम्भा थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया।

### कोविड-19 के दृष्टिगत हुई कार्यवाही

**कौशांबी।** जिले में सरकार द्वारा जारी कोविड-19 गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले व यातायात के नियमों को ना मानने वालों के विरुद्ध जिले स्तर पर सघन चेकिंग की गई एवं चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें 184 वालों का ई चालान किया गया व पांच वाहनों से 2500 रुपए समन शुल्क वसूला गया साथ ही कोविड-19 का पालन न करने वाले 11 व्यक्तियों से 1600 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना पिपरी पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शैलेंद्र कुमार पुत्र कप्तान निवासी बिहरिया थाना शंकरगण जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर कार्रवाई के पश्चात न्यायालय भेज दिया।

### 30 को आयोजित होगा कैंप

**कौशाम्बी।** विद्युत बिल की समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के कार्यालय में 30 सितंबर को कैंप आयोजित किया जाएगा उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड मंझनपुर ने देते हुए बताया कि 30 सितंबर को कार्यालय में कैंप आयोजित क्या विद्युत जिलों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा जिले में विद्युत संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए 30 सितम्बर गुरुवार को कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड मंझनपुर में प्रयागराज विद्युत व्यवस्था निवारण फोरम से न्यायाधीश के निर्देश में विद्युत संबंधित वाद को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

# ट्रेन हादसे में स्कूली छात्र की मौत

**कोखराज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह हुआ हादसा**

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुजातपुर रेलवे लाइन पार करते समय एक स्कूली छात्र ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे स्कूली छात्र की घटनास्थल पर मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीण और परिजन पहुंच गए हैं शव को देखते ही मौके पर कोहराम मच गया मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बमरौली गांव के मजरा घटईयापार निवासी शिवा उम्र 11 वर्ष पुत्र लालजी पटेल जूनियर विद्यालय बमरौली में कक्षा 6 का छात्र है बुधवार की सुबह 6:00 बजे शिवा खेत की तरफ शौचक्रिया के लिए जा रहा था हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करते समय भरवारी की तरफ से आ रही ट्रेन से शिवा टकरा गया जिससे उसके चिथड़े उड़ गए हादसे को ग्रामीणों ने



मौत के बाद घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन

देखा तो छात्र के घर पर सूचना दिया छात्र की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए रेल लाइन पर छात्र के शव को देखकर परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे और मौके पर कोहराम मच गया मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फांसी पर लटकी मिली कारोबारी की लाश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के शमशाबाद गांव में बर्तन कारोबारी की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है कारोबारी की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम में बताया जाता है कि शमसाबाद गांव निवासी अनिल कसेरा उम्र लागभग 45 वर्ष बर्तन के कारोबार में परेशान थे कोरोना महामारी में उनका बर्तन का व्यापार बर्बाद हो गया और व्यापार में घाटा लग जाने से आर्थिक तंगी के चलते अनिल कसेरा परेशान रहने लगे और परेशानी से निजात पाने के लिए उन्होंने घर की धन्नी में रस्सी डालकर बीती रात आत्महत्या कर लिया है जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची है और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रहस्यमय तरीके से गायब बालक लौटा वापस

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पनारा गोपालपुर गांव से मंगलवार को दस वर्षीय बालक निखिल गौतम पुत्र मान चन्द्र गौतम रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था परिजनों ने बालक के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को मामले की सूचना दी बुधवार को तिल्हापुर पुलिस ने गायब बालक को खोज निकाला है और परिजनों को सौंप दिया है गायब बालक आम आदमी पार्टी की महिला नेत्री अर्चना गौतम का बताया जाता है बालक के मिल जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

### नहर ने मचाई तबाही पूरा गांव प्रभावित

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ताजमल्लाहन गांव में रामगंगा माईनर ने गांव की बस्ती को उजाड़ दिया है गाँव के सभी घरों में नहर का पानी घुस गया गांव में एक दर्जन घर गिर गए हैं इस तबाही में सांसद विधायक और अधिकारियों का काफिला मदद के लिए गांव नहीं पहुंचा है जिससे गांव में मौजूद लोगों के सामने बड़ी मुसीबत दिखाई पड़ रही है नहर विभाग के अधिकारी भी इस तबाही के मंजर में चैन की बंसी बजा रहे हैं। नहर विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते गाँव की सड़कों से लेकर घरों तक पानी ही पानी दिखाई दे रहा है नहर का पानी गांव में भर जाने के बाद दर्जन भर से ज्यादा घर गिर गए है इस तबाही से भयभीत गाँव के लोग अपनी गृहस्थी का सामान घरों से निकाल कर सड़क पर निकल आए हैं छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक सड़क पर जिंदगी के दिन व्यतीत कर रहे हैं नहर की तबाही के मंजर में ग्रामीणों का खाना, सोना, जीना सड़क पर हो रहा है किसी बड़ी अनहोनी की आशंका को लेकर ग्रामीणों के बीच दहशत व्याप्त है नहर विभाग के अधिकारियों के इस कारनामे से चारों ओर तबाही ही तबाही है और किसानों के सैकड़ों बीघा खेती बबार्दी के कगार पर है नहर का पानी गांव में घुस जाने से पूरे गाँव में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

# इलाज में नवजात की मौत अस्पताल को किया सील

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ स्थित गणेश हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत का मामला आम होता जा रहा है चिकित्सकों की लापरवाही से अस्पताल में आए दिन मरीजों की मौत होती है 3 महीने पहले भी अस्पताल में मोनी केसरवानी की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है बीती रात इलाज के दौरान लापरवाही से एक नवजात की फिर मौत हो गई है जिससे आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया है हंगामे को देख कर अस्पताल संचालक अरविंद साहू और अन्य स्टाफ मौके से भाग खड़े हुए हैं मामले की जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीम गठित कर प्रकरण की जांच कराई जिस पर चिकित्सक की लापरवाही उजागर हुई और अस्पताल को चिकित्सक की टीम ने सीज कर दिया है। बता दे कि जानकी देवी पति दिनेश पासी का इलाज गणेश हॉस्पिटल में चल रहा था 24 सितम्बर को महिला को अस्पताल में एडमिट किया जिस है उसी दिन महिला के बच्चेदानी का आपरेशन होते ही उसकी हालत नाजुक हो जाने पर डॉक्टर अरविंद साहू ने पीपल गांव के एक निजी हॉस्पिटल सहित स्वरूपरानी चिकित्सालय मरीज को ले गए लेकिन चिकित्सको ने भर्ती नही किया मरीज की हालत बिगड़ने पर गणेश हॉस्पिटल के कथित डॉक्टर अरविंद साहू फरार हो गए मरीज की हालत नाजुक बनी हुई है। संगीता देवी पति राजकुमार दिवाकर 28 सितंबर को गणेश हॉस्पिटल तिल्हापुर मोड में भर्ती हुई महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया एक बच्चा जिंदा है लेकिन चिकित्सकों की लापरवाही से दूसरे बच्चे की मौत हो गई है महिला की हालत गंभीर है मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा है जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई है स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सीज कर दिया है इस अस्पताल में पहले भी कई मरीजों की मौत हो चुकी है और इसके पहले भी अस्पताल सीज हो चुका है लेकिन चिकित्सक ने सीज अस्पताल का ताला तोड़कर फिर अस्पताल संचालन शुरू कर दिया था स्वास्थ्य विभाग के कुछ लोग अस्पताल संचालक को संरक्षण दे रहे हैं जिससे मौत का खेल खेलने वाले चिकित्सक और अस्पताल संचालकों पर कठोर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

# संयुक्त टीम ने 110 वाहनों के विरुद्ध की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** दिनांक 28 सितम्बर को ₹द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2021 कार्यक्रम₹ के पंचम दिवस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी यातायात रविंद्र त्रिपाठी एवं यातायात पुलिस टीम तथा पीटीओ परिवहन महेंद्र पांडेय एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप स्टेट-हाईवे-94 में ओसा,टेवा, सरसवां, हिनौता आदि स्थानों पर स्थित ढाबों एवं नेशनल हाईवे-2 में कोखराज से सैनी के मध्य स्थित ढाबों के बाहर मुख्य मार्ग पर खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाई गई अभियान चलाकर सड़कों पर खड़े वाहनों के विरुद्ध गलत पार्किंग सहित विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर 110 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्यवाही यातायात पुलिस की टीम ने की है यातायात पुलिस टीम द्वारा सड़कों पर खड़े वाहनों को मुख्य सड़कों से हटवाया गया तथा मौके पर 05 वाहन चालकों से



कार्यवाही करते यातायात प्रभारी रविन्द्र त्रिपाठी

2500 रुपये का जुमार्ना भी यातायात पुलिस द्वारा वसूल किया गया। सड़क पर ढाबे के बाहर वाहनों के खड़े होने के मामले को यातायात पुलिस ने गंभीरता से लिया और ढाबा संचालकों को बुलाकर सख्त निर्देश दिए गए कि वह सड़क पर वाहनों को खड़ा ना होने दें। इससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि गंभीर दुर्घटनाएं भी होती हैं जिससे जानमाल की क्षति होती है। सड़क सुरक्षा सप्ताह में लगी संयुक्त टीम के सदस्यों ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों से जागरूक करते हुए एक ही स्थान पर वाहनों का जमावड़ा ना लगाने की सलाह दी तदुपरांत सैनी रोडवेज बस स्टॉप पर पहुंचकर परिवहन निगम के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रुप से परिवहन निगम की बसों प्राईवेट बसों की चेकिंग की गई तथा रोडवेज प्राइवेट बसों के चालको एवं परिचालकों के साथ संयुक्त रुप से गोष्ठी कर सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के विषयों पर चर्चा की तथा आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए साथ ही कोविड-19 के दृष्टिगत मास्क लगाए जाने एवं बसों में साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश चेकिंग में लगी संयुक्त टीम द्वारा दिए गए।

# ब्राम्हण प्रत्याशी घोषित कर बसपा ने बिगाड़ी अन्य दलों की चुनावी गणित

अखंड भारत संदेश

**बसपा नेता ने कहा कि बसपा के किले में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भी अपना परचम नहीं लहरा सकी बसपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई अपराध अत्याचार से आम जनमानस का जीना हुआ दुश्वार**



**कौशांबी।** बीते कई चुनाव में कौशांबी बसपा का गढ़ माना जाता था और यहां तीनों विधानसभा सीट और सांसद की सीट पर बसपा के प्रत्याशी जीत कर सदन पहुंचते थे भाजपा की लहर के बीच बसपा का यह किला कमजोर पड़ गया था और बसपा के प्रत्याशी नहीं जीत सके थे लेकिन बसपा के इस किले में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भी अपना परचम नहीं लहरा सकी थी लेकिन इस बार फिर बसपा मुखिया ने चायल विधानसभा से ब्राह्मण प्रत्याशी अतुल द्विवेदी को टिकट देकर राजनीतिक गलियारे में हड़कंप मचा दिया है अन्य राजनीतिक दलों की अब गुणा गणित बिगड़ती दिख रही है बीते 10 वर्षों से बहुजन समाज पार्टी की राजनीति करने वाले अतुल द्विवेदी मूल रूप से चायल विधानसभा क्षेत्र के दुगार्पुर नेवादा के रहने वाले हैं हमेशा सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले अतुल द्विवेदी का समाज में गहरा लगाव है अतुल द्विवेदी के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद ब्राह्मण समाज के लोगों का झुकाव भाजपा की ओर बढ़ने लगा है जिससे अन्य राजनीतिक दलों में खलबली मच गई है। एक विशेष मुलाकात में अतुल द्विवेदी बसपा नेता ने कहा कि भाजपा की सरकार में गरीब मजदूर कमजोर मजलूम आम जनता के साथ अत्याचार तेजी से बढ़ा है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब कमजोर को न्याय नहीं मिल रहा है लगातार महंगाई आसमान छू रही है जिससे आम जनता मजदूर किसान के सामने दो जून रोटी की दिक्कत उत्पन्न हो गई है उन्होंने कहा कि सर्व समाज का भला बहुजन समाज पार्टी की सरकार में ही है इस मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष गौतम ने कहा कि कौशांबी की जनता फिर बहुजन समाज पार्टी की सरकार सत्ता में चाहती है उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कौशांबी की तीनों सीटों पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे।

## निलंबित बीएलओ अध्यापकों को किया जाए बहाल वरना संगठन करेगा आंदोलन

**कौशाम्बी।** निलंबित बी.एल.ओ. शिक्षकों की बहाली एवम् प्रेरणा डी.बी.टी. के विरुद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की वक्ताओ ने कहा कि पिछले दिनों जिलाधिकारी द्वारा चुनाव कार्यों की समीक्षा के दौरान कुछ बी.एल.ओ. ड्यूटी कर रहे शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। उक्त निलंबन का आदेश मिलते ही शिक्षकों में घोर निराशा फैल गयी। शिक्षकों ने इसका विरोध किया और बात नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष (उ.प्र.प्रा.शि. संघ) अनिल कुमार सिंह तक पहुंच गयी। जिलाध्यक्ष ने तुरंत प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की। उनके समक्ष मजबूती से इस बात को रखा कि बी.एल.ओ. कार्य शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अध्यापकों को सौंपा गया है जो कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ है वक्ताओं ने कहा कि निलंबित बी.एल.ओ. अध्यापकों को तुरंत ससम्मान बहाल कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में संगठन आंदोलन करने पर विवश होगा। प्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर होने के बावजूद भी अध्यापकों से प्रेरणा डीबीटी पर फीडिंग कराने का कार्य लगातार कराया जा रहा है जो घोर चिंता का विषय है। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकरण को भी संज्ञान में लें और डाटा फीडिंग कंप्यूटर ऑपरेटर से कराने का कष्ट करें। ताकि अध्यापक विद्यालय में घुटन महसूस ना करें।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विश्वास दिलाया कि दोनों प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए न्यायोचित निर्णय लिया जायेगा। इस मुलाकात में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के साथ यूटेक पेंशन बहाली मंच के प्रदेश संगठन मंत्री अरुण गोविल सिंह, अध्यक्ष सिराथू ईश्वर शरण सिंह, रहमत अली, पवन यादव, देवनारायण, अध्यक्ष नेवादा प्रमोद सिंह, मंत्री चायल राजेश कुमार, पंकज कुमार, देवेंद्र, जिला संयोजक(यूटेक) अतमम अली वीरेंद्र बहादुर, बृजेंद्र सिंह, मंत्री नेवादा सुरेशचंद्र, प्रदीप चौधरी, प्रशांत कुमार, अजय सिंह, निवर्तमान जिला मंत्री ध्यान सिंह, पंकज सिंह एवं अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति बाल विवाह टॉस्क फोर्स एवं बाल कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करने एवं प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा बालश्रम को रोकने हेतु किये गये कार्यां की समीक्षा के दौरान सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि संबंधित उपजिलाधिकारियों से संपर्क कर ईट के भट्ठों आदि स्थानों पर छापामार कर कार्यवाही की जाय उन्होने जनपद में गठित बाल कल्याण समिति के कार्यो की समीक्षा के दौरान



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय तथा सभी तहसीलों एंव विकास खण्डों में चाइल्ड हेल्प लाइन संबंधित होर्डिंग लगवाया जाय व सभी स्कूलों में चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर अंकित करवाया जाय। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड में लम्बित मामलों की समीक्षा के दौरान लंबित वादों का निस्तारण तेजी से किये जाने के निर्देश दिये उन्होने वन स्टॉप सेन्टर के कार्यां की समीक्षा के दौरान निमार्णाधीन वन स्टॉप सेन्टर के कार्य में प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

### डबल डोज वैक्सीनेशन पूर्ण कराये जाने के दिये निर्देश :डीएम

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्वाचन कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के डबल डोज वैक्सीनेशन पर बल दिया गया है। आयोग द्वारा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 एवं विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के डबल डोज वैक्सीनेशन पूर्ण कराये जाने की अपेक्षा की गयी है जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्क्ष एवं प्रबन्धक लीड बैंक को निर्देशित किया है कि वे मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का डबल डोज वैक्सिनेशन प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

## गंदगी से व्याप्त सार्वजनिक शौचालय की नगर पालिका ने कराई साफ सफाई

**खबर प्रकाशन किए जाने के बाद अधिकारियों की टूटी कुम्भकर्णीय नींद**

भरवारी कौशाम्बी नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत बस स्टॉप में बने सार्वजनिक शौचालय में व्याप्त गंदगी को खबर के माध्यम से उजागर कर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया था खबर को जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया और नगरपालिका के जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई जिस पर नगर पालिका के जिम्मेदारों ने सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई कराकर व्यवस्था दुरुस्त कराई जिससे आम जनता की समस्या का समाधान हो गया है। नगर पालिका परिषद भरवारी में यात्रियों की सुबिधा के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण बस स्टॉप भरवारी में कराया था सफाई कर्मचारी की लापरवाही के चलते सामुदायिक शौचालय का गंदगी से बुरा हाल था जिस पर स्थानीय पत्रकार ने खबर को प्रमुखतः से सोशल मीडिया और अखबार में प्रकाशित किया खबर को जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया और अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया जिस पर अधिशाषी अधिकारी गिरीश चंद्र ने सुलभ शौचालय की साफ सफाई कराकर यात्रियों की सुबिधा उपलब्ध करा दी है। बब्बू अग्रवाल राकेश अरोरा अतिन केशरवानी रमेश केशरवानी हिमांशु केशरवानी आदि लोगों ने सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई होने पर अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा.पावर हाउस से सैंता पावर हाउस में विधुत सप्लाई दी गई है! जहां पर बिजली विभाग की लापरवाही से क्षेत्र की बिजली कई घंटों तक गुल रहती है! जिससे उपभोक्ताओ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है! जबकि यूपी सरकार का आदेश है कि 18 घंटे बिजली उपलब्ध होना चाहिए लेकिन विद्युत विभाग की उदासीनता से बिजली कई कई घंटे नदारत रहती है विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही से बिजली नदारद रहने से क्षेत्र के लोगों को पेयजल खेतो की सिचाई से लेकर तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन विभागीय अधिकारी उदासीन बने हुए हैं।

# जर्जर भवन के नीचे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर छात्र

अखंड भारत संदेश

**आलीशान कार्यालयों में रहने वाले अधिकारियों को छात्रों के भविष्य पर नहीं है चिंता**

**नगर पंचायतों में परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प योजना सिर्फ कागजो तक सीमित**

**अझुवा कौशाम्बी।** परिषदीय विद्यालयों में जर्जर भवनों में शिक्षा ग्रहण करने को छात्र मजबूर हैं सरकार की तमाम योजनाएं अभिलेखों तक सीमित रह गई है आलीशान कार्यालयों में एसी मशीन लगाकर ठंडी हवा खाने वाले अधिकारियों को परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है यदि जर्जर भवन धराशाई हो गया और परिषदीय विद्यालयों के बच्चे हादसे के शिकार हुए तो इसका जवाब देह कौन होगा लेकिन फिर भी परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवन को ठीक कराए जाने की ओर पहल नहीं हो रही है केंद्र और राज्य सरकार की कायाकल्प योजना नगर पंचायत की फाइलों में दब कर रह गयी है। नगर पंचायत अझुवा के 12 वार्डो में 4 वार्डो में उच्च प्राथमिक विद्यालय है जिसमे अझुवा कस्बा के जी टी रोड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय अझुवा प्रथम को के सरकार द्वारा कान्वेंट(इंग्लिश मीडियम) का दर्जा दिया गया है लेकिन इस विद्यालय के अधिकतर कमरे जर्जर है छतों से पानी टपकता है इस स्कूल में छात्रों के बैठने की कोई व्यवस्था नही है प्रधानाध्यपिक मीनाक्षी सिंह ने बताया की इस विद्यालय के कमरों की छतें जर्जर है छात्रों को बैठने की व्यवस्था नही है उनका कहना है कि इस संदर्भ में विभाग को कई बार अवगत कराया गया साथ ही कायाकल्प योजना के तहत नगर पंचायत कार्यालय को भी प्रस्ताव बना कर दिया गया परंतु अभी तक जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत नहीं हो सकी है सबसे बड़ी बात विद्यालय परिसर में चारो तरफ फैली गंदगी एव जर्जर बिल्डिंग से विद्यालय की सभी व्यवस्थाएं अस्तव्यस्त है इस विद्यालय में प्राथमिक स्तर एव उच्च प्राथमिक स्तर पर लगभग 500 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

## कायाकल्प योजना से परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**अझुवा कौशाम्बी।** सरकार द्वारा सभी परिषदीय विद्यालयों को कान्वेंट की तरह सुंदर बनाने के लिए ग्राम सभाओं और नगर पंचायतों को जिम्मेदारी दे रखी है जिसमे केंद्रीय वित्त 14वे ,15वे से यह कार्य कराया जाना है जिसमे परिसर की साफ सफाई इंटरलॉकिंग, कमरों की मरम्मत फर्स में टाइल्स,पंखे विधुतीकरण पेयजल व्यवस्था, शौचालय एव भवन निर्माण साज सज्जा आदि है लेकिन नगर पंचायत द्वारा अभी तक किसी भी विद्यालय को सजाया नही जा सका अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सभी चारो विद्यालय में सबसे पहले शौचालय और किचेन निर्माण का कार्य कराया जा रहा है सभासद वार्ड नं 3 ज्ञानचंद पाल, एव सभासद वार्ड नं 11 नीलम वैश्य ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत हम लोगो ने विद्यालय से प्रस्ताव करवा कर नगर पंचायत कार्यालय में दिया है लेकिन जिम्मेदारो द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया इस योजना के नाम पर मात्र 1 समरसेबल बोर हुआ लेकिन उसका फाउंडेशन और टँकी आज तक नही लगा जबकि बरसात में सभी अधिकांश कमरों की छतें टपक रही है।

### रेप के आरोपियों को पुलिस करें गिरफ्तार वरना होगा आंदोलन : अंजना

**कौशाम्बी।** बच्ची से रेप की घटना को 4 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर महिला अधिकार संगठन ने मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि रेप के आरोपियों को पुलिस ने 3 दिन के भीतर गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा तो महिलाएं सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होगी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुरसेना गांव में चार दिन पहले दिनदहाड़े सात साल की बच्ची से दरिंदो ने रेप किया गया था खून से लथपथ निर्वस्त्र बच्ची परिजनों को मिली थी। घटना को पुलिस मानने से इंकार कर मुकदमा दर्ज करने से इंकार कर बच्ची के परिजनों को थाने से भगा दिया था महिला अधिकार संगठन ने बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था मामले को तूल पकड़ता देख पुलिस ने दूसरे दिन मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस भूल गयी जबकि मौके की परिस्थिति घटना की गवाही खुलेआम चिल्ला चिल्ला कर दे रहे थे।

# वर्तमान सरकार गरीबों मजलूमों पर कर रही है अत्याचार : अशोक यादव

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की एक बैठक सिराथू के गेस्ट हाउस में संपन्न हुई बैठक में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया है वक्ताओं ने कहां कि भाजपा सरकार ने गरीब कमजोर लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सपा लगातार चुनावी मोड़ में अपने महारथियों को मैदान में उतारकर कार्यकताओं को जोश से लबरेज कर रही है। सिराथू कस्बे के एक गेस्ट हाउस में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव ने अखिल भारत वर्षीय महासभा सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों मजलूमों पर अत्याचार कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई गरीबों को जीने नही दे रही है। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अशर्फी लाल शास्त्री, महासचिव केतकी सिंह यादव, जिला फतेहपुर अध्यक्ष चौधरी राजेश सिंह यादव, जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, ब्लॉक प्रमुख कड़ा अनुज सिंह यादव, नीलम यादव समेत कई नेता मौजूद रहे भारतीय यादव महासभा के



मनोनीत जिलाध्यक्ष को माला पहनाते पार्टी नेता

धीरसिंह यादव ने महिला महासचिव विभा सिंह को महासभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया मनोनयन के बाद विभा सिंह यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। उस पर वह पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने समाज को एकजुट करने और समाज के उत्थान के लिए जागरूकता फैलाने का कार्यकताओं को निर्देशित किया है मनोनयन के बाद अखिल भारतीय यादव महासभा कौशाम्बी जिला के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है।मनोनीत जिला अध्यक्ष को हर तबके के लोगो मे बधाइयां देने की होड़ मची है।

## सम्पादकीय

# और अब हेल्थ आईडी

याद किया जा सकता है कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत में भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए गए थे। इन्हीं सवालों के प्रभाव में कई राज्य सरकारों ने उसे अपनाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके यहां पहले से ही दूसरी स्वास्थ्य योजनाएं चल रही हैं, जिनसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना की तीसरी वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के रूप में एक और महत्वाकांक्षी पहल की। इस योजना के जरिए पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस को एक-दूसरे से जोड़े जाने का इरादा है। हर व्यक्ति का एक डिजिटल हेल्थ आईडी होगा, जिसके माध्यम से उसका हेल्थ रेकॉर्ड डिजिटली सुरक्षित रखा जाएगा। मोबाइल ऐप के सहारे कभी भी डिजिटल हेल्थ रेकॉर्ड तक पहुंचना संभव होगा। इसका मतलब यह हुआ कि हर व्यक्ति के लिए अपने स्वास्थ्य से संबंधित रेकॉर्ड को सुरक्षित रखने और डॉक्टर के पास जाने से पहले तमाम रिपोर्ट्स की कॉपी करवाकर साथ ले जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। इस समय सोच कर भले यह कुछ अनोखी सी बात लग रही हो, लेकिन तकनीक ने बिल पेमेंट और कैश ट्रांसफर जैसे कार्यों को आसान बनाकर हमारी जिंदगी में जिस तरह का गुणात्मक बदलाव किया है, हेल्थ के क्षेत्र में कुछ ऐसा ही युगांतरकारी बदलाव इस नई मुहिम से भी आ सकता है। हालांकि हर नई योजना अपने साथ कई तरह के सवाल और चुनौतियां लेकर आती है। इस योजना में डेटा प्राइवेसी और डेटा सुरक्षित रखने जैसे सवाल हैं। मगर एक अच्छी बात यह है कि आयुष्मान भारत योजना का तीन साल का अनुभव लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करेगा कि सवाल उठाने और आशंकाएं व्यक्त करने से पहले यह देखा जाए कि इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया किस तरह से आगे बढ़ती है और उसके नतीजे किस रूप में सामने आते हैं।

याद किया जा सकता है कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत में भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए गए थे। इन्हीं सवालों के प्रभाव में कई राज्य सरकारों ने उसे अपनाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके यहां पहले से ही दूसरी स्वास्थ्य योजनाएं चल रही हैं, जिनसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बाद में तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों ने अपनी पहले से जारी योजनाओं को बरकरार रखते हुए भी आयुष्मान भारत योजना को अपनाने का फैसला किया, जो निश्चित रूप से इसकी कामयाबी का ठोस सबूत है। हालांकि इसका यह मतलब नहीं कि इस योजना में कोई कमी नहीं है। जानकारों के पास उन छोटे-छोटे उपायों की लंबी सूची है, जिन्हें अपनाकर आयुष्मान भारत योजना को व्यवहार में ज्यादा उपयोगी बनाया जा सकता है। मगर सबसे बड़ी बात यह कि चाहे आयुष्मान भारत योजना हो या आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, यह मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे में उपलब्ध संसाधनों तक अधिक से अधिक लोगों की पहुंच को आसान बनाने की कोशिश है। यह बहुत जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही संसाधनों की कमी दूर करने यानी डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या बढ़ाने और चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान देना भी जरूरी है। उसके बगैर एक सीमा के बाद इन पहलों के निरर्थक होने का खतरा बनने लगता है।

# नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस को अलग करना नामुमकिन

**डॉ राजू पाण्डेय**

राहुल को एक आम मानव के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है जो भूलता और गलती करता है, गिरता और संभलता है। उनकी अपूर्णता, अपरिपक्वता और अनगढ़पन उन्हें आम आदमी के अधिक नजदीक ला सकते हैं। हमने लालू प्रसाद यादव की ठेठ ग्रामीण और अनगढ़ अभिव्यक्तियों के जादू को देखा है। जनता राहुल को उनकी कमियों और कमजोरियों के साथ भी अपना सकती है, शर्त यह है कि वे इन से उबरने के लिए नायकोचित संघर्ष करते दिखें। पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस समर्थक बुद्धिजीवी वर्ग की रणनीति में एक स्पष्ट एवं निर्णायक बदलाव देखा जा रहा है। कांग्रेस को भाजपा को सत्ताच्युत करने में सक्षम किसी भी भाजपा विरोधी मोर्चे की धुरी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस प्रकार पर्दे के पीछे से कांग्रेस पार्टी को संचालित करने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को स्वतः ही नरेन्द्र मोदी से आमने सामने के संघर्ष के लिए विपक्ष के सेनापति का दर्जा मिल जाता है, वे विजयी होने पर प्रधानमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार बन जाते हैं। हमें यह तो स्वीकारना ही होगा कि भाजपा को आगामी लोकसभा चुनावों में पराजित करने की कोई भी रणनीति कांग्रेस की उपेक्षा करके अथवा उसे पूर्ण रूप से खारिज करके तैयार नहीं की जा सकती। यह भी एक ध्रुव सत्य है कि नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस अविभाज्य रूप से अन्तरसम्बन्धित हैं। एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती।

यह रिश्ता इतना अनूठा और अपरिभाषेय है कि कांग्रेस की दुर्दशा के लिए नेहरू-गांधी परिवार को जिम्मेदार मानने वाले भी यह जानते हैं कि अगर कांग्रेस को सत्ता वापस कोई दिला सकता है तो वह नेहरू-गांधी परिवार ही है। रुग्ण और वृद्ध सोनिया की घटती सक्रियता के बीच यह चमत्कार करने के लिए इस परिवार के दो सदस्य हमारे बीच हैं- लगभग 17 वर्ष पुरानी अपनी राजनीतिक पारी का स्वरूप एवं दिशा निर्धारित करने में अब भी असमंजस के शिकार राहुल गांधी और बहुत देर से राजनीति में प्रवेश करने वाली प्रियंका गांधी जिन्हें कांग्रेस में अपनी भूमिका तय करनी है। 17 वर्षों के राजनीतिक सफर के बाद राहुल आज कांग्रेस पार्टी के किसी महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर नहीं हैं। जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता में थी तब भी उन्होंने कोई महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व लेकर प्रशासनिक अनुभव प्राप्त करने की चेष्टा नहीं की थी।

राहुल राजनीति में सफल और लंबी पारी खेलने के लिए आवश्यक निरंतरता दिखाने में सफल नहीं हो पाए हैं। राजनेताओं की प्राण रक्षा के लिए उन्हें सुरक्षा घेरे में रखा जाता है किंतु कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को सुरक्षा देने के बहाने बंधक बनाकर रखने वाले दरबारियों और चाटुकारों से छुटकारा पाने में राहुल नाकामयाब रहे हैं। उन्होंने दरबारियों और चाटुकारों की पुरानी टीम को तो चलता किया लेकिन इनकी नई टीम बना ली। जब शीर्ष नेतृत्व प्रादेशिक नेताओं के लिए सहज उपलब्ध नहीं रहता, उन्हें प्रत्यक्ष भेंट और सीधे संवाद का अवसर नहीं देता अपितु मध्यस्थों और बिचौलियों को प्रश्रय देता है तब गलतफहमी एवं दूरी बढ़ने की गुंजाइश हमेशा रहती है। राहुल अपने प्रतिभावान युवा साथियों को लेकर क्यों असुरक्षित महसूस करते हैं यह समझ पाना कठिन है। इस असुरक्षा का केवल एक ही स्पष्टीकरण दिया जा सकता है- वे स्वयं गांधी परिवार की ताकत और करिश्मे को लेकर सशंकित हैं। राहुल ने कई बार अपनी नेतृत्व क्षमता से प्रभावित किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लिए अपरिहार्य समझे जाने वाले अजीत जोगी को दरकिनार कर नंदकुमार पटेल, भूपेश बघेल और टी एस सिंहदेव को छत्तीसगढ़ कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का उत्तरदायित्व देना एक साहसिक निर्णय था। पिछले विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में युवा ज्योतिरादित्य सिंधिया की आक्रामकता और अनुभवी कमलनाथ की संगठन क्षमता का बेहतर उपयोग लेना भी राहुल के नेतृत्व कौशल का प्रमाण था। राजस्थान कांग्रेस को दुबारा गढ़ने की जिम्मेदारी युवा सचिन पायलट को देकर राहुल ने एक चुनौतीपूर्ण पहल की थी और सचिन पायलट ने भी उन्हें सही साबित किया। पंजाब में भी कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनावों में फ्री हैंड देकर राहुल ने उदारता एवं दूरदर्शिता का परिचय दिया था। हाल के डेढ़ साल में कोविड-19 विषयक राहुल के आकलन एवं भविष्यवाणियां आश्चर्यजनक रूप से सटीक रही हैं। उन्होंने कोविड-19 के मसले पर नरेन्द्र मोदी की तुलना में अलग ढंग से सोचा, वे अधिक तार्किक एवं विज्ञान सम्मत विचार प्रस्तुत करते रहे, उन्होंने सरकार को समयपूर्व चेतावनी भी दी और सकारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए।

भाजपा ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर निरंतर आक्रमण कर इस बात को परिपुष्ट किया है कि भारतीय राजनीति में यदि भाजपा का विकल्प कोई है तो वह गांधी परिवार के नेतृत्व वाली कांग्रेस ही है। किंतु कांग्रेस और राहुल को भावी विपक्षी गठबंधन के नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रस्तुत करने की हड़बड़ी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के संघर्ष को कुछ इस तरह हवा दे सकती है कि सारे विपक्षी दल एक मंच पर एकत्रित ही न हो पाएं। कांग्रेस यदि मुद्दों की राजनीति करे, एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम प्रस्तुत करे तो विपक्षी एकता का कठिन कार्य सरल हो सकता है। पूर्व में ऐसा हुआ भी है। कांग्रेस चाहे तो वैकल्पिक मंत्रिपरिषद बना कर मोदी सरकार की हर नीति पर अपना पक्ष रख सकती है। राहुल को यह तय करना होगा कि वे किंग बनना चाहते हैं या किंग मेकर की भूमिका उन्हें अधिक उपयुक्त लगती है। यदि वे किंग बनना चाहते हैं तो उन्हें अधिक सक्रिय, सहज उपलब्ध, जनोन्मुख तथा आक्रामक होना होगा। बतौर किंग मेकर राहुल को कांग्रेस जनों के मध्य यह संदेश पहुंचाना होगा कि कांग्रेस के लिए यह निर्णायक संघर्ष है, अस्तित्व की लड़ाई है। यही बात अन्य विपक्षी दलों को भी समझानी होगी। उन्हें कांग्रेसवाद की सर्वसमावेशी प्रकृति को आचरण में लाना होगा। राहुल एक अलग ढंग से मोदी का विकल्प प्रस्तुत करते हैं। मोदी की लार्जर दैन लाइफ छवि उन्हें जनता से बहुत ऊपर एक देवतुल्य व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करती है, जिसे केवल दूर से देखा जा सकता है, जिसकी केवल पूजा की जा सकती है किंतु जिससे संवाद नहीं किया जा सकता। मोदी की अभिव्यक्तियों और निर्णयों में कठोर यांत्रिकता दिखती है जिसमें भावनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। राहुल को एक आम मानव के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है जो भूलता और गलती करता है, गिरता और संभलता है। उनकी अपूर्णता, अपरिपक्वता और अनगढ़पन उन्हें आम आदमी के अधिक नजदीक ला सकते हैं। हमने लालू प्रसाद यादव की ठेठ ग्रामीण और अनगढ़ अभिव्यक्तियों के जादू को देखा है। जनता राहुल को उनकी कमियों और कमजोरियों के साथ भी अपना सकती है, शर्त यह है कि वे इन से उबरने के लिए नायकोचित संघर्ष करते दिखें।

# प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से भारत को क्या-क्या फायदा हुआ ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

संयुक्त राष्ट्र का पूरा ढांचा जब तक नहीं बदलेगा, तब तक सुरक्षा परिषद में सुधार की आशा करना हवा में लट्ठ चलाना है। 'चौगुटे' (क्वाड) की बैठक में नई बात क्या हुई ? चारों नेताओं ने पुराने बयानों को फिर से दोहरा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका-यात्रा भारतीय मीडिया में पिछले तीन-चार दिन छाई रही। सभी टीवी चैनलों और अखबारों में उसे सबसे ऊँचा स्थान मिला लेकिन हम अब उस पर ठंडे दिमाग से सोचें, यह भी जरूरी है। मेरी राय में सिर्फ दो बातें ऐसी हुईं, जिन्हें हम सार्थक कह सकते हैं। एक तो अमेरिका की पांच बड़ी कंपनियों के कर्त्ता-धर्त्ताओं से मोदी की भेंट। यह भेंट अगर सफल हो गई तो भारत में करोड़ों-अरबों की विदेशी पूंजी का निवेश होगा और तकनीक के क्षेत्र में भारत चीन से भी आगे निकल सकता है।

दूसरी सार्थक बात यह हुई कि अमेरिका से मोदी अपने साथ 157 ऐसी प्राचीन दुर्लभ भारतीय कलाकृतियाँ और मूर्तियाँ भारत लाए हैं, जिन्हें किसी न किसी बहाने विदेशों में ले जाया जाता रहा है। यह भारत के सांस्कृतिक गौरव की रक्षा की दृष्टि से उत्तम नीति है लेकिन राजनीतिक दृष्टि से मोदी की इस अमेरिका-यात्रा से भारत को ठोस उपलब्धि क्या हुई ? भारत का विदेश मंत्रालय दावा कर सकता है कि अमेरिका जैसे देश ने पहली बार यह कहा है कि भारत को सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाया जाए। मेरी राय में अमेरिका का यह कथन सिर्फ जबानी जमा-खर्च है। संयुक्त राष्ट्र का पूरा ढांचा जब तक नहीं बदलेगा, तब तक सुरक्षा परिषद में सुधार की आशा करना हवा में लट्ठ चलाना है। 'चौगुटे' (क्वाड) की बैठक में नई बात क्या हुई ? चारों नेताओं ने पुराने बयानों को फिर से दोहरा दिया। अगर 'आकुस' (त्रिगुटा) ने जैसे आस्ट्रेलिया को परमाणु-पनडुब्बियां दिलवा दीं, वैसे ही 'क्वाड' भारत को भी दिलवा देता तो कोई बात होती। संयुक्त राष्ट्र में दिए गए मोदी के भाषण में इमरान खान के भाषण के मुकाबले अधिक संयम और मर्यादा से काम लिया गया और इमरान के अनाप-शनाप भारत-विरोधी हमले का तगड़ा जवाब नहीं दिया गया। उसका कारण यह रहा हो सकता है कि अफसरों ने मोदी का हिंदी भाषण पहले से ही तैयार करके रखा होगा लेकिन भारत की महिला कूटनीतिज्ञ ने इमरान के नहले पर दहला मार दिया। मोदी ने यह भी ठीक ही कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद को अपना हथियार बनाकर खुद का नुकसान ही ज्यादा किया है। लेकिन इमरान के भाषण ने अमेरिका की पोल खोलकर रख दी। अमेरिका ने ही तालिबान, मुजाहिदीन और अल-क़ायदा को खड़ा करते समय पाकिस्तान को मोहरे की तरह इस्तेमाल किया था और अब वह उसे छूने को भी तैयार नहीं है। इसीलिए इमरान न्यूयार्क नहीं गए। मोदी व्हाइट हाउस में बाइडन के साथ डिनर करें और इमरान निमंत्रण का इंतजार करते रहें, यह कैसे हो सकता था ? अभी भारत-अमेरिका संबंध चरम उत्कर्ष पर हैं लेकिन मोदी को इमरान से सबक लेना होगा। अमेरिका केवल तब तक आपके साथ रहेगा, जब तक उसके स्वार्थ सिद्ध होते रहेंगे। ज्यों ही चीन से उसके संबंध ठीक हुए कि वह भारत को अधर में लटका देगा, जैसे आजकल उसने पाकिस्तान को लटका रखा है। इसीलिए मैं बराबर कहता रहा हूँ कि हमारी अपनी मौलिक अफगान नीति होनी चाहिए। हम अमेरिका की हाँ में हाँ मिलाने की मजबूरी क्यों दिखाएँ ?

# जातियों की साधना में सियासी लामबंदी?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक जुमला खूब चलता है कहते हैं 'दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से गुजरता है'। देश के सबसे बड़े राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। नतीजा राज्य की सियासत गर्म हो गई है। राजनीतिक दल और सरकारें अपने विकास को भूल कर जातिवाद का भजन करने लगी हैं। अभी तक जो सरकार विकास की उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती थी वह जाति पर आकर अटक गई है। राज्य विधानसभा का चुनाव पूरी तरह जातिवाद पर लड़ा जाएगा। विकास सिर्फ मंचीय होगा। सत्ता में मौजूद योगी सरकार को अपने विकास पर भरोसा नहीं है। चुनाव की गोंट फीट करने के लिए जातियों पर दांव लगाया जा रहा। राज्य के मंत्रिमंडल विस्तार में यह बात साफ हो गयी है। राज्य की सत्ता में दोबारा वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी जहां ओबीसी पर अपनी निगाहें गड़ाए है। वहीं समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ब्राह्मणों का गुणगान करने में लगी हैं। बहुजन समाज पार्टी जगह-जगह ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित कर ब्राह्मणों को अपने पाले में करना चाहती है। क्योंकि 2007 में मायावती के सत्ता वापसी के मूल में ब्राह्मण ही था। बसपा राज्य में दलित उत्पीड़न के फर्जी मुकदमों से परेशान होकर अगड़ी जातियां समाजवादी पार्टी के पाले में चली गयीं जिसके बाद अखिलेश यादव की सरकार बनी। अखिलेश यादव सत्ता में दोबारा वापसी के लिए ब्राह्मणों को सिर आंखों पर बिठना चाहते हैं। वह अपनी जनसभाओं में परशुराम का मंदिर बनवाने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी रूपाणी युग के अंत के बाद पटेलों पर अधिक भरोसा जताया गया है। यहां भी विकास पर भरोसा कम जातियों पर अधिक दांव लगा है। यहाँ भी आम चुनाव होने हैं। सरकार में पटेल जातियों से सबसे अधिक मंत्रियों को तवज्जो दी गई है। पंजाब में चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर दलितों को साधने की कोशिश यह बताती है कि राजनीतिक दलों को अपने काम पर कम जातियों पर अधिक भरोसा है।

उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और दूसरे राज्यों का चुनाव करीब होने से राजनीतिक हलकों में जातिगत जनगणना का मुद्दा खूब चल रहा है। पिछड़े वर्ग के राजनेता दलीय प्रतिबद्धता को ताक पर रखकर जातिय जनगणना का राग अलाप रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार तैयार नहीं दिखती है।यूपी की योगी सरकार सबसे अधिक दांव पिछड़ों पर लगा रहीं है। अगड़ी जातियों को लेकर वह अधिक संवेदनशील नहीं दिखती है। क्योंकि उसे मालूम है कि राज्य की अगड़ी जातियां भाजपा छोड़कर अन्यत्र नहीं जानेवाली हैं। लेकिन अगड़ी जातियों में नाराजगी से इनकार नहीं किया जा सकता है। आरक्षण और पिछड़ों को अधिक सम्मान वह कितना पचा पाएगा यह वक्त बताएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी को साधने की पूरी कोशिश की गई है। ओबीसी और दलित चेहरों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद एक मात्र चेहरे हैं जिन्हे कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में जिन लोगों को राज्यमंत्री बनाया गया है उनकी कोई विशेष राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं दिखती है। जितिन प्रसाद को छोड़ बाकि ऐसे चेहरे हैं जो चुनावी गणित साधने के लिए पहली बार मंत्री बनाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार सिर्फ जातिय गणित साधने की कोशिश है। क्योंकि चुनाव में अब बहुत अधिक वक्त नहीं रह गया है। नए चेहरों के पास अभी सरकार और मंत्रालय संभालने का कोई अनुभव नहीं है। इसलिए विकास में इनकी कोई भूमिका नहीं हो सकती है। अब जातियों को साधने में नए मंत्री कितना कामयाब होंगे यह तो भविष्य बताएगा। जितिन प्रसाद ही सिर्फ ऐसे राजनेता है जो हैसियत वाले हैं। राजनीति का उन्हें अच्छा-खासा अनुभव है। वह कांग्रेस संस्कृत के राजनेता रहे हैं हाल में पार्टी को छोड़कर वह भाजपा में आए हैं। उनके पिता भी कांग्रेस में केंद्रीय मंत्री थे। प्रसाद का पश्चिमी यूपी के रुहेलखंड में अपना आधिपत्य है। 2004 में शाहजहांपुर से वह पहली बार सांसद बने। 2009 में वह धौराहरा संसदीय सीट से सांसद चुने गए। 2008 में कांग्रेस सरकार में इस्पात मंत्री बनाए गए। जितिन प्रसाद सोनिया गांधी के खिलाफ पार्टी अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था। अब देखना होगा कि प्रसाद राज्य के ब्राह्मणों को चुनावी नजरिए से साधने में कितने सफल होते हैं। उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल सात लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें जितिन प्रसाद के साथ पूर्वांचल के गाजीपुर से संगीता बिंद, सोनभद्र से संजय गोंड को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया गया है। निषाद और दलित जातियों को साधने के लिए इन लोगों को मंत्री बनाया गया है। जबकि पश्चिमी यूपी से सबसे अधिक पांच चेहरों को शामिल किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बताएगा बनाया गया है। आगरा से धर्मवीर प्रजापति, बलरामपुर से पलटूराम, बरेली से छत्रपाल गंगवार, मेरठ से दिनेश खटीक को शामिल किया गया है। पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन को देखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार काफी अहम माना जा रहा है। यही कारण है कि पश्चिमी से सबसे अधिक चेहरों को जगह मिली है। उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक तकरीबन 40 फीसदी है। सवर्ण जातियां 20 फीसदी के आसपास हैं। राज्य में ब्राम्हण 10 से 12 फीसदी है। यादव 12 फ़ीसदी जबकि कुर्मी और अन्य पिछड़ी जातियां 8 फीसदी के करीब हैं। जाट और मल्लाह 5 फीसदी हैं। 18 फिसदी मुस्लिम और 25 फीसदी के आसपास दलित जातियां हैं। 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछड़े वर्गों का अधिक समर्थन मिला था। राज्य में यादव समाजवादी पार्टी का जबकि दलित बहुजन समाज पार्टी का परम्परागत वोटर रहा है। राज्य सरकार पिछड़ी और दलितों में जो उपजातियां हैं उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश कर रही है। लेकिन डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें से आम लोग परेशान हैं बेगारी भी अहम मुद्दा है। योगी सरकार दोबारा सत्ता में वापसी के लिए हर कदम उठा रहीं है। राज्य में निषाद और बिंद जातियों को पाले में करने के लिए निषाद पार्टी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। निषाद पार्टी के संजय निषाद इसकी घोषणा कर चुके हैं। पूर्वांचल में पटेल और कुर्मी जातियों पर अच्छी पकड़ होने की वजह अनुप्रिया पटेल को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया। उधर असदुद्दीन ओवैसी मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण करने में जोर-शोर से लगे हैं। अगर वह कामयाब होते हैं तो इसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। हालांकि मुसलमान बेहद चालाक है। क्योंकि वह भाजपा को रोकने के लिए पूरी कोशिश करता है। इस लिहाज से वह ओवैसी के साथ कितना खड़ा होगा अभी यह कहना मुश्किल है। प्रियंका गांधी राज्य में कांग्रेस की नयी जमींन तैयार करने में लगी हैं। कांग्रेस जितनी मजबूती से लड़ेगी उतना सपा और बसपा कजोर होगी। फिलहाल यह कहना गलत नहीं होगा कि राज्य में चुनावी गणित बैठाने के लिए राजनीतिक दलों के लिए जातियां अहम हो गई हैं। सभी दल जातिय ढपली बजाने में जुट गए हैं।

# दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में हुई वारदात ने अदालतों की सुरक्षा में चूक को उजागर कर दिया है

**रमेश ठाकुर**

मारा गया जितेंद्र गोगी नाम का अपराधी दिल्ली का टॉप-10 गैंगस्टर था। इसी के गुट से वर्षों पहले अलग हुए टिल्लू गुट के सदस्यों ने उसे कथित तौर पर मारा। पहले दोनों गुटों का मुख्य धंधा सुपारी लेकर मर्डर करने का था। हालांकि अभी भी दोनों गुटों के सदस्य सक्रिय हैं। राजधानी की जिला अदालतों में लगातार घटती खून वारदातों ने सोचने पर मजबूर कर दिया है। एक ही किस्म की घटनाएं बार-बार क्यों घट रही हैं। क्यों उन्हें नहीं रोका जा रहा। घटना भी ऐसी एकदम पुलिस के नाक के नीचे हो रही है। समूचे देश का संचालन दिल्ली से होता है। राजनेताओं से लेकर अधिकारियों व हर क्षेत्र के लोगों का जमावड़ा रहता है। वहां की सुरक्षा केंद्र के अधीन है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तो शुरू से दिल्ली की सुरक्षा-व्यवस्था अपने हाथों में लेने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल दिल्ली के रोहिणी कोर्ट की घटना ने सुरक्षा में हुई भयंकर चूक को जगजाहिर किया है। स्थानीय पुलिस व स्पेशल सेल के दर्जनों कर्मियों की मौजूदगी में दो गैंगस्टरों के बीच तड़ातड़ गोलियां चलती रहीं। पुलिसकर्मी बचाव का मोर्चा नहीं संभालते तो जानमाल का भारी नुकसान हो सकता था।बहरहाल, दिखावे और कहने के लिए तो दिल्ली की जिला अदालतों की सुरक्षा चाकचौबंद रहती है। पर, इसके पूर्व 24 दिसंबर 2015 में कड़कड़डूमा कोर्ट में जज के सामने गैंगस्टर छेनू पहलवान और नासिर गिरोह के तीन नाबालिग बदमाशों द्वारा फायरिंग करना। वहीं, 15 नवंबर 2017 में रोहिणी कोर्ट परिसर में एक विचाराधीन कैदी विनोद के सिर में गोली मारकर बदमाशों द्वारा हत्या कर देना बताना है कि राजधानी में जिला अदालतों की सुरक्षा कैसी है। बहरहाल, उन घटनाओं की पुनरावृत्ति पिछले सप्ताह एक बार फिर हो गई जिसमें तीन बदमाश ढेर हुए। लगातार होती गैंगवार की घटनाओं को देखते हुए बीते शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर हुई, याचिका में संबंधित अधिकारियों व अथॉरिटी को दिल्ली की अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश देने की अपील हुई।

सुरक्षा सुनिश्चित होनी भी चाहिए, क्योंकि दिल्ली में गैंगस्टरों की संख्या फिर से बढ़ने लगी है। मारा गया जितेंद्र गोगी नाम का अपराधी दिल्ली का टॉप-10 गैंगस्टर था। इसी के गुट से वर्षों पहले अलग हुए टिल्लू गुट के सदस्यों ने उसे कथित तौर पर मारा। पहले दोनों गुटों का मुख्य धंधा सुपारी लेकर मर्डर करने का था। हालांकि अभी भी दोनों गुटों के सदस्य सक्रिय हैं। गोगी भी जेल में था और टिल्लू अभी भी है। दोनों जेल में रहकर अपना गिरोह चला रहे थे। गोगी के मरने के बाद गिरोह की कमान उसके दूसरे साथी ने संभाली है। सूत्र यही बताते हैं कि दोनों को पुलिस ने ही पाला पोसा था। उनके हर मूवमेंट की खबर कुछ पुलिसकर्मियों को होती थी। जेलों में उनकी अच्छी खातिरदारी की जाती रही है। फोन की सुविधा, मुर्गा-मच्छी आदि की व्यवस्था भी पुलिस द्वारा होती थी। अभी हाल ही में गैंगस्टरों के साथ कुछ पुलिसकर्मियों की जेल में पार्टी करने की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं जिसमें कई नपे हैं।सवाल उठता है जब अपराधियों की पनहगार खुद पुलिस होगी तो उन्हें कोर्ट में क्या कहीं भी फायरिंग करने से डर नहीं लगेगा। घटना के बाद वकीलों ने पुलिस को कटघरे में खड़ा किया है। उनका तर्क है बिना पुलिस के सहयोग से कोई अपराधी कोर्ट रूप में जाकर इस तरह की हिमाकत नहीं कर सकता। आपस में भिड़ाना और गोलीबारी करवाने के पीछे पुलिस का ही हाथ होता है। इस संबंध में वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से भी मिला और उनको अपराधियों-गैंगस्टरों की मिलीभीगत से अवगत कराया। रोहिणी कोर्ट शूटआउट की जांच क्राइम ब्रांच को दी गई। वह निष्पक्ष जांच करेगी, इसकी उम्मीद वकीलों को नहीं है। उनकी मांग है ऐसे मामलों की जांच किसी रिटायर्ड जज की निगरानी में कराई जाए। बहरहाल, घटना से उठे शोर को थामने के लिए रोहिणी कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ाई गयी है। रोहिणी कोर्ट के अंदर-बाहर बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस के जवानों और पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात किया है। सभी आगंतुक की कड़ाई से जांच हुआ करेगी। पर, सवाल वही है, ये कब तक होगा? हमनें इससे पहले कड़कड़डूमा कोर्ट की घटना के बाद भी देखा गया था कि मेटल डिटेक्टर से लेकर पुलिस कर्मियों की भारी संख्या में तैनाती के अलावा सिविल डिफेंस को गेट के बाहर सुरक्षा के लिए लगाया था। आने-जाने वालों के लिए पास अनिवार्य किए गए थे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीता सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी कम हो गए, आज स्थिति ऐसी है कि कोई भी कोर्ट रूम तक आसानी से दाखिल हो सकता है। सुरक्षा का ये तामझाम तभी तक रहता है जब तक मीडिया और आमजन में चर्चाएं रहती हैं। चर्चा खत्म होते ही, काम चलाउ व्यवस्था फिर से लागू हो जाती है जिसका अपराधी फायदा उठाते हैं। सोचने वाली बात है कि अपराधी घटना को घटित करने के बाद अगले दिन तो आएगा नहीं, दूसरी घटना के लिए वह लंबा गैप लेगा। इसलिए सुरक्षा-व्यवस्था हमेशा के लिए यथावत होनी चाहिए। रोहिणी कोर्ट में अपराधियों ने बाकायदा दो दिनों तक सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया, तसल्ली होने के बाद घटना को अंजाम दिया। गैंगस्टर गोगी पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटर वकीलों की ड्रैस में बिना जांच पड़ताल करवाये कोर्ट में पहुंचे और बेखौफ होकर जज के सामने दर्जनों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पंद्रह मिनट तक गोलीबारी करने के बाद पुलिस की गोली का शिकार हुए। उनका ये बेखौफ अंदाज साफ बताता है कि उनके पीछे किनकी शह थी? हर पहलुओं की जांच करने की जरूरत है। दोषी चाहे फिर पुलिसकर्मी हो या और कोई, किसी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। दिल्ली की जिला अदालतों की सुरक्षा का जिम्मा केंद्र सरकार के पास है। दोबारा से सुरक्षा रिफॉर्म करने की दरकार है।

# आईपीएल 2021: राजस्थान पर शानदार जीत के बावजूद प्वॉइंट टेबल में बैंगलोर ऊपर नहीं पहुंची




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हरा दिया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने नौ विकेट पर 149 रन का स्कोर बनाया, जिसे बैंगलोर ने 17 गेंद शेष रहते तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। बैंगलोर की 11 मैचों में यह सातवीं और लगातार दूसरी जीत है। टीम के खाते में अब 14 अंक हो गए हैं। हालांकि शानदार जीत के बादवजूद बैंगलोर को प्वॉइंट टेबल में अंकों के फायदे के अलावा और कोई फायदा नहीं हुआ है। आईपीएल के 43वें मैच के बाद आइए जानते हैं कि प्वाइंट टेबल का क्या हाल है। तीन बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स पहले की तरह ही अभी भी 10 मैचों में आठ जीत के साथ 16 अंक लेकर टॉप पर विराजमान है। दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर नेट रनरेट के आधार पर चेन्नई चोटी पर है। दिल्ली पिछला मैच हारने के बावजूद दूसरे नंबर पर मौजूद है। वहीं, राजस्थान को सात विकेट से हराने के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अभी भी तीसरे नंबर पर ही है। टीम के खाते में हालांकि दो अंक जरूर जुड़ गए है, लेकिन उसके नंबरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। टीम को अभी तीन मैच और खेलने हैं।

दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीन विकेट से हराया और इस हार के बाद टीम का पहले पायदान पर पहुंचने का सपना फिलहाल पूरा नहीं हो सका। दूसरे फेज में पहली जीत दर्ज करने वाली रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की टीम प्वॉइंट्स टेबल में पांचवें पायदान पर आ गई है। मुंबई इंडियंस और केकेआर दोनों के खाते में 10-10 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर नेट रनरेट के आधार पर केकेआर फिलहाल टॉप-4 में है, जबकि मुंबई इंडियंस पांचवें पायदान पर। बैंगलोर के हारने के बाद राजस्थान आठ अंकों के साथ तालिका में सातवें नंबर पर है। राजस्थान को लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी है। उनके अलावा पंजाब किंग्स छठे और सनराइजर्स हैदराबाद आठवें नंबर पर है।

## हर्षल पटेल ने एक ही ओवर में 3 विकेट लेकर मचाई खलबली, बैंगलोर के लिए ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के 43वें मैच में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना राजस्थान रॉयल्स से दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हो रहा है। बैंगलोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए राजस्थान को नौ विकेट पर 149 रनों पर रोक दिया। इस मैच में हर्षल पटेल ने एक बार फिर से एक ही ओवर में तीन विकेट लेकर राजस्थान के खेमे में खलबली मचा दी है। हर्षल इस सीजन में हैट्रिक ले चुके हैं और यह हैट्रिक उन्होंने मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ ली थी। राजस्थान के खिलाफ एक ही ओवर में तीन विकेट लेने के साथ ही हर्षल ने आईपीएल में कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। उन्होंने बैंगलोर की पारी के अंतिम ओवर में रियान पराग, क्रिस मोरिस और चेतन सकारिया को आउट किया।




बैंगलोर के गेंदबाज हर्षल अब आईपीएल के ?किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। वह? आईपीएल 2021 में अबतक 26 विकेट चटका चुके हैं। उन्होंने ये 26 विकेट केवल 11 ही मैचों में लिए हैं। वह ना सिर्फ सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप होल्डर हैं, बल्कि दूसरे नंबर के खिलाड़ी आवेश खान से काफी आगे भी हैं। हर्षल से आगे अब मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह? ही है, जिनके नाम आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। बुमराह 2020 में 27 विकेट ले चुके हैं। हर्षल से पहले इस लिस्ट में भुवनेश्वर कुमार का नाम शामिल था, जिन्होंने 20017 में 26 विकेट लिए थे। भुवी 2016 में भी 23 विकेट चटका चुके हैं। उनके अलावा मोहित शर्मा 2014 में 23, आरपी सिंह 2009 में 23 और युजवेंद्र चहल 2015 में 23 विकेट ले चुके हैं।हर्षल इसके अलावा आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। उनसे पहले युजवेंद्र चहल 23, श्रीसंत अरविंद 21 और सिद्धार्थ कौल 21 विकेट ले चुके हैं।

### आईपीएल 2021 के यूएई में होने को बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया वरदान, बोले- बुराई में अच्छाई छिपी है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने आईपीएल के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शिफ्ट होने को भारत के लिए वरदान बताया है। उन्होंने आईपीएल के आयोजन स्थल बदलने को अंग्रेजी के एक मुहावरे 'ब्लेसिंग इन डिस्ग्यूज' से जोड़ा है, जिसका मतलब 'बुराई में छिपी अच्छाई' होता है। शाह ने मेल के जरिए राज्य क्रिकेट संघों को मंगलवार लिखे एक लेटर में कहा, 'हमें बाद में समझा आया कि यह हमारे लिए बुराई में छिपी अच्छाई है, क्योंकि आईपीएल के तुरंत बाद यूएई में टी-20 वर्ल्ड कप होना है और ऐसे में आईपीएल स्तर के टूर्नामेंट से बेहतर और तैयारी नहीं हो सकती है।

## मैक्सवेल का नाबाद अर्धशतक, बैंगलोर ने राजस्थान को 7 विकेट से दी शिकस्त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के 43वें मैच में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने नौ विकेट पर 149 रन का स्कोर बनाया, जिसे बैंगलोर ने 17 गेंद शेष रहते तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम के लिए टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम की जीत की नींव रखी। बैंगलोर के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 30 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। उनके अलावा श्रीकर भरत ने 35 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के सहारे 44 रनों का योगदान दिया। उनके अलावा कप्तान विराट कोहली ने 25 और देवदत्त पडिकल ने 22 रन बनाए। राजस्थान की ओर से मुस्तफ़िज़ुर रहमान एकमात्र सफल गेंदबाज रहे, जिन्हें दो सफलता हासिल हुई।इससे पहले, राजस्थान ने शुरुआत तो अच्छी करी लेकिन, बीच के ओवरों में वह पूरी तरही से लड़ाखड़ा गई और नौ विकेट पर 149 रन ही बना सकी। टीम के लिए एविन लुईस ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। उन्होंने 37 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39 रनों की पारी खेली। वहीं, कप्तान संजू सैमसन ने 19 और क्रिस मोरिस ने 14 रन बनाए। बाकी बल्लेबाज दोहरे अंकों में भी नहीं पहुंच पाए।

## हर्षल पटेल ने किया खुलासा, हैट्रिक सेलिब्रेशन के दौरान कैसे विराट कोहली को पहुंचाई चोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल आईपीएल 2021 में गेंद से बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूट रहे हैं। वह इस सीजन में 11 मैचों में अबतक 26 विकेट ले चुके हैं। हर्षल ने हाल में इस सीजन के 39वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैट्रिक ली थी। उन्होंने तीन गेंदों के अंदर हार्दिक पांड्या, कीरोन पोलार्ड और राहुल चाहर को पवेलियन भेजकर आईपीएल 2021 की पहली हैट्रिक अपने नाम की थी। हर्षल आईपीएल में हैट्रिक लेने वाले 18वें और बैंगलोर के तीसरे गेंदबाज बने हैं। हैट्रिक लेने के बाद वह इसका सेलिब्रेशन मनाते हुए काफी दूर तक भागे थे और इस दौरान उन्होंने कप्?तान विराट कोहली को चोट भी पहुंचाई थी। हर्षल ने खुद अब इसका खुलासा किया है।



हर्षल ने आईपीएल की वेबसाइट पर कहा कि उनकी हैट्रिक के बाद कुछ खिलाड़?यों को नुकसान हुआ। यह पूछे जाने पर कि सिराज का पैर ठीक है तो उन्होंने कहा, 'हां सिराज का पैर ठीक है। जश?न पूरा करने के बाद सबसे पहले मैंने उससे यही पूछा था। अच?छी बात है कि वह ठीक है। हैट्रिक सेलिब्रेशन के दौरान विराट कोहली की जांघ पर खरोच आ गई थी, तो मुझसे कुछ नुकसान जरूर हुआ। परिस्थिति के हिसाब से ढलना हमेशा मेरे खेल का हिस?सा रहा। मैंने बहुत अच?छे से विभिन?न परिस्थितियों में खुद को ढाला है। यह ऐसी चीज है, जिस पर मुझे गर्व है।'

उन्होंने आगे कहा, 'यहां के मैदान बड़े हैं और पिच धीमी है, तो मुझे यहां गेंदबाजी करना रास आ रहा है। मेरी मानसिकता नहीं बदली। मेरी सोच नहीं बदली। परिस्थितियों में खुद को ढालने के लिए मानसिक रूप से खुद को तैयार किया। मुझे बहुत हद तक पता है कि मुझे किस तरह की गेंदबाजी करना है।' 30 साल के हर्षल इस सीजन में 11 मैचों में अबतक 26 विकेट ले चुके हैं। इसमें एक बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट भी शामिल है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट चटकाए थे।

## टोकन के लिए मोबाइल पर आएगा ओटीपी

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** जिला विपणन अधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग की वेबसाइट या ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी ाुविधा के लिए टोकन प्राप्त कर सकते है। यदि किसान द्वारा किसी क्रय केंद्र पर एक बार अपना धान विक्रय कर दिया गया, तो उसे अपना संपूर्ण धान उसी क्रय केंद्र पर बेचना होगा। किसान के मोबाइल पर टोकन के लिए ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे दर्ज कर वह टोकन प्राप्त कर सकेगा। एक क्रय केंद्र पर एक कार्य दिवस में प्रति कांटा 300 कुंतल से अधिक का टोकन नहीं जारी किया जा सकेगा।

किसान द्वारा क्रय केंद्रों पर सप्ताह में चार दिन सोमवार से गुरुवार तक अधिकतम 50 कुन्तल धान की मात्रा का टोकन जारी कर सकेगा। शुक्रवार एवं शनिवार के दिन 50 कुंतल से अधिक का टोकन जारी किया जा सकता है। किसान अपना टोकन नियत तिथि से दो दिन पूर्व स्वयं निरस्त कर सकता है। निरस्त करने के उपरांत अपना टोकन पुनरू जारी कर सकता है। किसान द्वारा एक बार टोकन जारी कर लेने के बाद पुनरू एक सप्ताह बाद ही अवशेष मात्रा का टोकन जारी किया जा सकेगा। अपने टोकन की निर्धारित तिथि को किसान का क्रय केंद्र पर आकर सायं 04रू00 बजे तक ई-पॉप डिवाइस पर उपस्थिति दर्ज न कराने पर उसका टोकन स्वतरू निरस्त हो जायेगा तथा उसके मोबाईल पर एसएमएस जाएगा, ऐसी दशा में उसे पुनरू टोकन जारी करना होगा। बैठक में सीडीओ भानु प्रताप सिंह, एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र, कृषि उपनिदेशक अरविंद कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र सिंह एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नदी में नहाते समय किशोर की डूबने से मौत

**ननिहाल में वरूणा नदी में नहाते समय हुआ हादसा**

अखंड भारत संदेश

**मोढ़।** क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव निवासी श्रीनाथ विश्वकर्मा के पुत्र 13 वर्षीय सनी जो अपने ननिहाल भदोही थाना क्षेत्र के छितौना गांव में अपने मामा के यहां था, पास में वरुणा नदी में सुबह नहाने गया। नहाते वक्त पैर कीचड़ में फंस जाने के कारण वह पानी में डूब गया। कुछ समय बाद ऊपर आया तो परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता मुंबई में रहकर रोजगार करते हैं। घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं ननिहाल से शव लेने के लिए परिजन घर से रवाना हो गये।

## धान खरीदः मोबाइल पर आएगा ओटीपी, 72 घंटे के अंदर किसानों के खाते में पहुंच जाएगा पैसा

**जिलाधिकारी ने की धान खरीद की व्यवस्था की समीक्षा, क्रय एजेंसियों को कोविड प्रोटोकाल पालन का आदेश**

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में धान खरीद संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने धान खरीद की समीक्षा करते हुए उपजिलाधिकारियों को किसानों के सत्यापन का निर्देश देते हुए, क्रय केंद्रों पर पीने का पानी, गुण इत्यादि का इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि संबंधित धान क्रय केंद्र किसानों को 72 घंटे के अंदर भुगतान करें, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। खरीद प्रक्रिया में कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान श्रेणी कॉमन के लिए 1940 रुपये और ग्रेड-ए 1960 रुपये प्रति कुंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। समस्त धान क्रय केंद्र सुबह 09रू00 बजे से शाम 05रू00 बजे तक खुले रखे जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान खरीद सत्र में आधार ऑथेंटिकेशन पंजीकरण की व्यवस्था है। आधार में दर्ज मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से ही पंजीकरण कराया जा सकता है, जिस बैंक खाते से आधार लिंक होगा, उसी खाते में क्रय धान का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि एक किसान, एक ही तहसील की भूमि का पंजीकरण करा सकता है। पंजीकरण में दर्ज भूमि के शत प्रतिशत सत्यापन के उपरांत ही धान क्रय किया जाएगा। प्रत्येक क्रय केंद्र पर दो इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एक नमी मापक यंत्र, विनोइग फैन एवं पॉवर डस्टर व डबल जाली का छलना आवश्यक रूप से रखा जाएगा। मंडी यार्डों में स्थापित क्रय केंद्रों पर यह व्यवस्था मंडी परिषद द्वारा अनिवार्य रूप से की जाएगी। मंडी परिसर से बाहर स्थित क्रय केंद्रों पर मंडी परिषद द्वारा किराए के आधार पर यह उपकरण क्रय संस्था को उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि केंद्र पर डस्टर नहीं है तो संबन्धित संस्था सेवा प्रदाता के माध्यम से डस्टर का प्रबंध करेगी तथा उतराई-छनाई के मद में किसान से प्राप्त होने वाली अधिकतम 20 रुपये प्रति कुन्टल की दर से भुगतान किया जा सकेगा।



## प्राइमरी पाठशाला का निर्माण नहीं हुआ तो जाएंगे न्यायालय

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** स्वामित्व के विवाद को लेकर दो वर्षों से अटके प्राइमरी पाठशाला द्वितीय गोपीगंज के नव निर्माण को लेकर वार्ड सभासद डॉ. आनंद कुमार गुप्ता ने डीएम आर्यका आखौरी से मिलकर एक पत्र देकर मांग किया है कि पालिका सीमा अंतर्गत छोटी चौराहे पर स्थित कन्या पाठशाला के नाम से दर्ज भूमि पर जिला पंचायत द्वारा व्यवसायिक भवन बनवाया जाना विधि विरुद्ध है उक्त स्थान पर नौनिहालों के भविष्य को देखते हुए प्राइमरी पाठशाला का निर्माण आवश्यक है की मांग किया जिस पर जिलाधिकारी भदोही द्वारा मामले में एडीएम भदोही को जांच करने का आदेश दिया गया गया। ज्ञात हो कि उक्त पाठशाला जो वर्षों से गोपीगंज स्थित छोटी चौराहे के प्रथम तल पर स्थित रहा है को तोड़कर उक्त स्थान पर व्यवसायिक भवन का निर्माण पूर्व में जिला पंचायत भदोही द्वारा कराया जा रहा था जिसके स्वामित्व को लेकर जिला पंचायत और पालिका गोपीगंज में सहमति न बन पानें पर प्राइमरी पाठशाला का निर्माण भी अधर में लटका हुआ है जिसे लेकर सभासद ने कहा कि अगर जल्द निर्माण नहीं कराया जाता तो इस प्रकरण को न्यायालय के समक्ष रखा जाएगा।

## भविष्य में नारी शक्ति उभरकर देश व समाज में रचेगी एक नया इतिहास

अखंड भारत संदेश

**दुर्गागंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आत्मनिर्भर बनकर महिलाओं को रोजगार से जुड़ने एवं कार्य सीख कर अपना निजी व्यवसाय करने के साथ-साथ आम लोगों को व्यवसाय देना और पूजी के लिए फाइनेंस की सुविधा प्रदान करते हुए महिलाओं के अपने ऊपर आधारित होने के लिए एक पहल की शुरुआत की है। जिसके तत्वाधान में आज जिले में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दुर्गागंज में कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामलोलारख उर्फ ओला सिंह प्रदेश सह प्रभारी भारतीय जनता पार्टी म.प्र. द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता कृष्ण चंद अधीक्षक डाकघर वाराणसी कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशिकांत कनौजिया, शशि भूषण यादव, ओम प्रकाश वर्मा, राजेंद्र कुमार यादव, विवेक सिंह, परमेंद्र कुमार सिंह, लालमनी, अजीत मिश्रा, मंडल मंत्री भाजपा व सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र भदोही ध्रुव सिंह आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओला सिंह द्वारा अपने वक्तब्य में बताया गया कि एक जनपद एक उत्पाद के तर्ज पर भदोही कालीन नगरी के नाम से जाना जाता है। सरकार की खूबियों को एवं मिशन शक्ति के इस कदम की सराहना करते हुए अपना विचार व्यक्त किए और नारी शक्ति को अपने ऊपर निर्भर होकर और जो भागीदारी आज के समाज में नारियों द्वारा किया जा रहा है, उसका यह समाज आभार व्यक्त करता है और आने वाले समय में नारी शक्ति उभरकर देश समाज का नाम रोशन करेगी। इसी संबंध में नारी शक्ति पर विशेष बल दिए। कृष्ण चंद्र अपने वक्तव्य में पोस्ट ऑफिस का जो लिफाफा एक जनपद एक उत्पाद के तर्ज पर विमोचन हुआ है। उस पोस्टकार्ड पर उस जनपद की मुख्य आकृति उकेरी रहेगी जिससे यह पता चल सके कि यह कौन से जनपद का लिफाफा है। उस आकृति से ही पता चल जाएगा और भी सरकार की पहल पर जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी जानकारी दी गई। सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र भदोही द्वारा नारी शक्ति के लिए एवं बेरोजगारी दूर करने के लिए लोगों को ट्रेनिंग करा कर रोजगार परक बनाया जाएगा और विश्वकर्मा समुदाय के लिए किट की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है जो कि ऑनलाइन पंजीकृत करेंगे। दिसंबर माह में लोगों को मिल जाएगा और रोजगार करने के लिए नए-नए योजनाओं का संचालन हो रहा है उसके लिए आपको समय-समय पर जानकारी अवगत कराया जाएगा।

### स्थायी लोक अदालत की बैठक चार को

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** स्थायी लोक अदालत की एक बैठक चार अक्टूबर को एडीआर भवन में स्थित कार्यालय में होगी। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेंगे।यह जानकारी देते हुए स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आरएन पांडेय ने बताया कि जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों के निपटारे के लिए स्थायी लोक अदालत का गठन किया गया है। इसका दफ्तर सरपतहॉ में स्थित एडीआर बिल्डिंग के भूतल पर है।



## ट्रांसफार्मर बदलने के लिए सभासद मिले एक्सईएन भदोही से

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद सीमा अंतर्गत थाना वार्ड में बीते 5 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या को लेकर सभासद अनूप जायसवाल की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अभियंता विद्युत ज्ञानपुर से मिलकर ट्रांसफार्मर की समस्या से अवगत कराया जहां बताया कि ट्रांसफार्मर में आई खराबी की वजह से सबसे बड़ी परेशानी पेयजल की उत्पन्न हो गई है। समस्या का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अभियंता द्वारा 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगवाए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद डॉ आनंद कुमार गुप्ता, बिरजू गुप्ता, सुनील जायसवाल, आशीष, बीना, लल्लू, बाबू सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# गोरखपुर पुलिस की पिटाई से मौतः सीएम योगी ने की मनीष की पत्नी से बात, दस लाख मुआवजे का ऐलान

**गोरखपुर (एजेंसी)।** मनीष गुप्ता की हत्या के मामले में छह पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। इनमें इंस्पेक्टर जेएन सिंह, चौकी इंचार्ज अक्षय मिश्र और सब इंस्पेक्टर विजय यादव को नामजद व तीन अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है। वहीं परिवार को दस लाख रुपये मुआवजा का भी एलान किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी से फोन पर बात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। मीनाक्षी गुप्ता ने मुख्यमंत्री से बातचीत की जानकारी खुद मीडिया को दी और उनकी बात पर भरोसा होने के बाद शव लेकर कानपुर के लिए रवाना हो गए। इससे पहले पति की हत्या



में छह पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को लेकर मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी अड़ी रहीं। पोस्टमार्टम के ?बाद परिवार के लोगों ने लाश लेने और अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। परिवारीजनों की मांग थी कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस नहीं दर्ज किया जाएगा,वे मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। डीएम-एसएसपी ने की मनाने की कोशिश लेकिन उनसे बात नहीं बन पाई। उधर, इस मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय की नजर सुबह से ही थी। बाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मीनाक्षी से बात की और सारी बातें सुनने के बाद परिवार को दस लाख की आर्थिक सहायता तथा एफआईआर का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद तीन नामजद और तीन अज्ञात पर रामगढ़ताल थाने में देर रात एफआईआर दर्ज कराई गई।

मौजूद एसपी साउथ और सीओ को मीनाक्षी गुप्ता ने इंस्पेक्टर सहित छह पुलिसकर्मियों को पति की हत्या के लिए दोषी ठहराते हुए नामजद तहरीर दी। इनमें इंस्पेक्टर रामगढ़ताल जेएन सिंह, चौकी इंचार्ज फलमंडी अक्षय मिश्रा,सब इंस्पेक्टर विजय यादव, सब इंस्पेक्टर राहुल दूबे, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव,कांस्टेबल प्रशांत कुमार का नाम शामिल किया था।पुलिस अफसरों ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया लेकिन वह शव ले जाने को तैयार नहीं हुए। डीएम और एसएसपी मेडिकल कालेज पहुंचे।

जिले के आॅला अफसरों को इतने देर से आने पर परिवारवालों में नाराजगी रही। उन्होंने मीनाक्षी सहित परिवार के अन्य लोगों मनीष के पिता, ससुर और बहनों को समझाने की कोशिश शुरू कर दी। बाहर हो रही तीखी बहस के बाद अफसर उन्हें लेकर मेडिकल कालेज चौकी पर उन्हें लेकर जाया गया और वहां भी उन्हें मनाने की कोशिश की। बात नहीं बनी और परिवार एफआईआर पर अड़ा रहा।

# दिल्ली सरकार के पास नई आबकारी नीति-2021 लागू करने की शक्ति, हाईकोर्ट ने साफ की स्थिति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार के पास नई आबकारी नीति 2021 (नैंमें इद्तम्ब् 2021) को लागू करने की शक्ति है और यह इसके अधिकार क्षेत्र में है। साथ ही अदालत ने 30 सितंबर से पुरानी नीति के तहत निजी क्षेत्र में भारतीय शराब की बिक्री के लिए एल-7 लाइसेंस वाली खुदरा दुकानों को बंद करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

चीफ जस्टिस डी.एन. पटेल और जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने ऐसे ही एक लाइसेंस धारक रतन सिंह द्वारा इन दुकानों को बंद करने पर रोक लगाने के आवेदन पर विचार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया नए तंत्र से उनके किसी भी अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है।

यह आवेदन उस याचिका का हिस्सा था जिसमें दिल्ली आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत अन्य श्रेणियों के लाइसेंस का विस्तार करने का अनुरोध किया गया है। बेंच ने कहा कि सरकार को मुक्त रूप से कार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि परिवर्तन अपरिहार्य है और आबकारी नीति कोई अपवाद नहीं है। नीति के मामलों में हमेशा नए प्रयोगों की अनुमति दी जा रही है। प्रथम दृष्टया, हम नीति के परिणाम से पड़ने वाले प्रभाव का पूर्वानुमान नहीं लगाना चाहते।

अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया, प्रतिवादी के पास दिल्ली आबकरी अधिनियम 2009 और इसके नियमों के तहत नई आबकारी नीति बनाने की सभी शक्तियां हैं और यह सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। अदालत ने कहा कि व्यापक स्तर पर जनता को दुकानें बंद होने से नुकसान नहीं होगा क्योंकि अन्य श्रेणियों की शराब की दुकानें खुली रहेंगी।

बेंच ने कहा कि विभिन्न मकसद के लिए एल-1 से एल-35 तक विभिन्न प्रकार के लाइसेंस हैं... जनता को व्यापक स्तर पर कोई दिक्कत नहीं होने वाली है। अन्य लाइसेंस जारी रहेंगे। अदालत ने कहा कि नई नीति के तहत 849 में से 260 दुकानों के पास एल-7 और एल-10 लाइसेंस (भारतीय और विदेशी शराब की खुदरा बिक्री) हैं। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और राहुल मेहरा ने अदालत को सूचित किया कि 16 नवंबर से सरकारी दुकानें भी बंद हो जाएंगी और इसलिए यह आवश्यक है।



## गोरखपुर में पुलिस की पिटाई से हुई व्यापारी की मौत पर मायावती ने जताया दुख, यूपी की कानूनी व्यवस्था पर उठाए सवाल

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर की पुलिस द्वारा होटल में रात्रि रेड करके तीन व्यापारियों के साथ बर्बर व्यवहार व उसमें से एक की मौत को अति-दुखद व शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि इससे राज्य में भाजपा सरकार के कानून-व्यवस्था के दावों की पोल खुल गई है। वास्तव में ऐसी घटनाओं से पूरा प्रदेश पीड़ित है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को हर स्तर पर समुचित न्याय दिलाए। इसके साथ ही ऐसी अन्य जघन्य घटनाओं को भी अति-गंभीरता से लेकर इनकी पुनरावृति रोकने की व्यवस्था करे।



## संभल में साध्वी प्राची बोलीं- जो तालिबान के पास जाना चाहते हैं, उन्हें हम भेज देंगे

**संभल (एजेंसी)।** भाजपा की फायर ब्रांड नेता साध्वी प्राची ने संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क और आईएमआईएमआई के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के तालिबान समर्थक बयानों के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया है। साध्वी ने कहा कि भाजपा की उपलब्धियों से परेशान होकर ये नेता उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं। तालिबान का समर्थन करने वाले ये लोग अगर उनके पास जाना चाहते हैं तो इसका इंतजाम हम कर देंगे। कहा कि भाजपा सरकार में देश द्रोहियों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को साध्वी प्राची ने गौशाला रोड स्थित भाजपा नेता मुकेश सोम के आवास पर प्रेस प्रतिनिधियों से बात में कहा कि हम बहुत पहले से चीख-चीख कर कह रहे थे कि देश में तबलीगी और आतंकी सोच को बढ़ावा देने का षडयंत्र पढ़े-लिखे मुस्लिम चला रहे हैं। कहाकि सांसद शफीकुर्रहमान बर्क और ओवैसी जैसे लोग कुर्सी के लिए देश को भी दांव पर लगा सकते हैं। भाजपा सरकार में इनकी असलियत सामने आ गई है। अब इन पर कार्रवाई का वक्त आ गया है।

# अखिलेश यादव बोले- सपा की सरकार बनते कराएंगे जातीय गणना, बीजेपी में डरती है इससे



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने पर प्रदेश स्तर पर जातीय जनगणना कराकर पिछड़ों को उनका हक और सम्मान दिया जाएगा। भाजपा सरकार पिछड़ों की गणना नहीं कराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि इससे पिछड़े अपना हक और सम्मान मांगेंगे। समाजवादी पार्टी सहित तमाम दल चाहते हैं कि पिछड़ों की गिनती हो जाए, लेकिन भाजपा जातीय गणना नहीं कराना चाहती है। अखिलेश ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार में अपराध बढ़ा है। मुख्यमंत्री को एनसीआरबी के आंकड़ों की जानकारी नहीं है। महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार और अन्याय यूपी में हो रहा है।

मोहम्मद आजम खान को फर्जी मुकदमें में फंसा करके जेल में रखा गया है। सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ यूपी में हुई। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल

## अखिलेश यादव का सवाल, वैक्सीन सर्टिफिकेट पर राष्ट्रीय ध्वज को क्यों नहीं लगाती भाजपा सरकार?

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनने पर प्रदेश स्तर पर जातीय जनगणना कराकर पिछड़ों को उनका हक और सम्मान दिया जाएगा। भाजपा सरकार पिछड़ों की गणना नहीं कराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि इससे पिछड़े अपना हक और सम्मान मांगेंगे। समाजवादी पार्टी सहित तमाम दल चाहते हैं कि पिछड़ों की गिनती हो जाए, लेकिन भाजपा जातीय गणना नहीं कराना चाहती है। अखिलेश ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार में अपराध बढ़ा है। मुख्यमंत्री को एनसीआरबी के आंकड़ों की जानकारी नहीं है। महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार और अन्याय यूपी में हो रहा है। मोहम्मद आजम खान को फर्जी मुकदमें में फंसा करके जेल में रखा गया है। सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ यूपी में हुई।उन्होंने कहा कि कोरोना के समय भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल रही। लोगों को दवा, ऑक्सीजन और बेड के लिए भटकना पड़ा। यह सरकार इंतजाम नहीं कर पाई। सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से असफल रही। प्रदेश में आज न जनता की सुनवाई है और न विधायकों और सांसदों की। जनता भाजपा सरकार से नाराज है। वैक्सीन सर्टिफिकेट पर राष्ट्रीय ध्वज को क्यों नहीं लगाया जाता है?

रही। लोगों को दवा, ऑक्सीजन और बेड के लिए भटकना पड़ा। यह सरकार इंतजाम नहीं कर पाई। सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से असफल रही। प्रदेश में आज न जनता की सुनवाई है और न विधायकों और सांसदों की। जनता भाजपा सरकार से नाराज है। वैक्सीन सर्टिफिकेट पर राष्ट्रीय ध्वज को क्यों नहीं लगाया जाता है? अखिलेश ने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को तबाह कर दिया है।

महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। लोगों के पास नौकरी और रोजगार नहीं है। पूरे प्रदेश का गरीब, किसान नौजवान, भाजपा सरकार के खिलाफ है। भाजपा मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को अपमानित होना पड़ रहा है। भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को बेचने के साथ ही पिछड़ों और दलितों का आरक्षण भी बेंच दे रही है। सब कुछ निजी हाथों में चला जाएगा तो आरक्षण कौन देगा।

# भारत के आगे गिड़गिड़ा रहा तालिबान, सिर्फ हवाई यात्रा ही नहीं मांग रहा छात्रवृत्ति की बहाली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान अब दुनियाभर के देशों से संपर्क साध रहा है। इसमें भारत भी है। तालिबान ने भारत से न सिर्फ हवाई उड़ान बहाल करने बल्कि अफगान छात्रों को छात्रवृत्ति देने की मांग की है। तालिबान ने भारत सरकार से ये मांग उस वक्त की है, जब भारत सरकार संकेत दे चुकी है कि वह तालिबान सरकार को मान्यता देने में कोई जल्दी नहीं करना चाहती। जानकारी मिली है कि भारत की ओर से तालिबान के किसी भी प्रस्ताव पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।दरअसल, अफगानिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने भारत के साथ वाणिज्यिक उड़ानों को फिर



से शुरू करने के लिए संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि बीते 7 सितंबर को अफगानिस्तान की ओर से भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को एक औपचारिक संचार भेजा गया। डीजीसीए प्रमुख अरुण कुमार को संबोधित पत्र में अफगानिस्तान के कार्यवाहक मंत्री हमीदुल्लाह अखुनजादा कहा गया है कि काबुल हवाई अड्डा अब पूरी तरह से सुरक्षित है। ऐसे में भारत सरकार को कमर्शियल उड़ाने शुरू कर देनी चाहिए। पत्र में लिखा गया है कि इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुगम यात्री आवाजाही को फिर शुरू करना है, ताकि निर्धारित उड़ाने शुरू की जाए। इसलिए अफगानिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण वाणिज्यिक उड़ान शुरू करने का अनुरोध करता है। इसके अलावा हाल ही में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने भारत सरकार द्वारा अफगान छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को भी बहाल करने की बात कही है। मुत्ताकी कथित तौर पर चाहते हैं कि 2021 शैक्षणिक सत्र के लिए भारतीय छात्रवृत्ति वाले अफगान छात्रों को देश की यात्रा करने की अनुमति दी जाए। वहीं, भारतीय पक्ष ने मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। तालिबान को साफ संकेत दे दिए हैं कि वह तालिबान सरकार से संबंध स्थापित करने के लिए किसी जल्दी में नहीं है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में विश्व समुदाय को आगाह किया है कि अफगानिस्तान में नए ढांचे को मान्यता देने के मुद्दे पर जल्दबाजी न करें क्योंकि अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन ठसमावेशी नहींठ था और ठबिना बातचीत केठ किया गया था। बता दें कि एयर इंडिया ने बीते 15 अगस्त को अशरफ गनी सरकार के पतन के बाद से काबुल के लिए हवाई उड़ानों पर रोक लगा दी है। जब तालिबान ने अफगान राजधानी में प्रवेश किया।

## चमगादड़ों से फैला है निपाह वायरस? केरल में दो प्रजातियों में मिला एंटीबॉडी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में निपाह वायरस फैलने के बीच एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) द्वारा चमगादड़ों की दो प्रजातियों के नमूनों में निपाह वायरस के एंटीबॉडी पाए गए हैं। इससे उन आशंका को बल मिला है जिसके अनुसार यह घातक बीमारी चमगादड़ों के माध्यम से फैली। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि एनआईवी पुणे ने कोझिकोड से चमगादड़ों की विभिन्न प्रजातियों के नमूने एकत्र किये थे जहां इस साल निपाह संक्रमण का एक मामला सामने आया था। उक्त मामले में 12 साल का एक बच्चा संक्रमित था और पांच सितंबर को उसकी मौत हो गई थी।

## पंजाब कांग्रेस संकट पर शिवराज सिंह ने ली चुटकी, बोले- जब तक राहुल गांधी हैं, भाजपा को कुछ नहीं करना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहले नवजोत सिंह का पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा और अब पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की गृह मंत्री से दिल्ली में मुलाकात, पंजाब की राजनीति में मानों भूचाल आ गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब में कांग्रेस में जारी संकट पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस को डुबो रहे हैं और जब तक वह हैं, भाजपा को कुछ नहीं करना है।

मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर में एक रैली के दौरान उन्होंने कहा, ठराहुल गांधी कांग्रेस को डुबा रहे हैं। एक अच्छी तरह से स्थापित पंजाब सरकार को गिरा दिया है। कैप्टन अमरिंदर को सिद्धू की वजह से हटा दिया गया था। अब सिद्धू भी भाग गए हैं। हमें तब तक कुछ नहीं करना है जब तक राहुल गांधी वहां



हैं। शिवराज सिंह चौहान की टिप्पणी उस दिन आई है जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। इससे पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले उनकी भविष्य की योजनाओं को लेकर अटकलें तेज हो गईं।कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें अपमानित किया। आज उन्होंने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की। हालांकि, कैप्टन ने कहा कि उन्होंने कृषि कानूनों पर चर्चा करने के लिए अमित शाह से मुलाकात की।



## तालिबान ने खाई अफगानिस्तान से आईएस के खात्मे की कसम, बड़ा ऑपरेशन लांच

**काबुल (एजेंसी)।** तालिबान ने अफगानिस्तान से अपने पुराने दुश्मन यानी इस्लामिक स्टेट (आईएस) को खत्म करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। अफगान खामा प्रेस समाचार एजेंसी के हवाले से स्पुतनिक ने बताया कि तालिबान काबुल की राजधानी क्षेत्र में आईएस की स्थानीय शाखा और पूर्व में पाकिस्तान के साथ सीमा पर पड़ोसी नंगरहार पर कार्रवाई करेगा। आईएस के खिलाफ इस ऑपरेशन की शुरुआत नंगरहार के मुख्य शहर जलालाबाद में रक्तपात के दो सप्ताह बाद हुआ है। तालिबान के ठिकानों पर कम से कम तीन हमलों में उसके कई लड़ाके के साथ-साथ स्थानीय नागरिक भी मारे गए। तालिबान ने 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया। तालिबान ने अमेरिकी सैनिकों की वापसी की घोषणा के बाद काबुल पर कब्जा किया। हालांकि आईएस से उसकी भिड़ंत हो गई। आपको बता दें कि नंगरहार में आईएस काफी सक्रिय है। आईएस ने 26 अगस्त को काबुल हवाई अड्डे पर हमले का दावा किया था, जिसमें 13 अमेरिकी सैनिकों सहित 100 से अधिक लोग मारे गए थे। इस हमले को मानव बम के जरिए अंजाम दिया गया था।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया झटका, तालिबान का समर्थन करने वाली सरकारों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के 22 रिपब्लिकन सीनेटर के एक समूह ने मंगलवार को अफगानिस्तान में तालिबान और उसका समर्थन करने वाली सभी विदेशी सरकारों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान वाला एक विधेयक पेश किया। अफगानिस्तान काउंटर टेररिज्म, ओवरसाइट एंड एकाउंटेबिलिटी एक्ट को सीनेटर जिम रिश ने मंगलवार को पेश किया। वह सीनेट विदेश संबंध समिति के सदस्य हैं।विधेयक में विदेश मंत्री से एक रिपोर्ट की मांग की गई है कि 2001 से 2020 के बीच तालिबान को समर्थन देने में पाकिस्तान की भूमिका, जिसके कारण अफगानिस्तान की सरकार गिरी... साथ ही पंजशीर घाटी तथा अफगान प्रतिरोध के खिलाफ तालिबान के हमले में पाकिस्तान के समर्थन के बारे में उनका आकलन बताने के लिए कहा गया है। बता दें कि पाकिस्तान कई बार



तालिबान का समर्थन कर चुका है और दुनिया से तालिबान सरकार को मान्यता देने की अपील भी कर चुका है।

इसमें उन क्षेत्रों की पहचान के बारे में राष्ट्रपति की तरफ से रिपोर्ट मांगी गई है जहां क्षेत्र में चीन, रूस और तालिबान की तरफ से पेश आर्थिक एवं सुरक्षा चुनौतियों के समाधान में भारत के साथ राजनयिक, आर्थिक और रक्षा सहयोग को बढ़ाया जा सके। इसमें इस आकलन के बारे में भी बताने के लिए कहा गया है कि तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत की सुरक्षा स्थितियों में बदलाव का भारत और अमेरिका के बीच सहयोग पर किस तरह से असर होगा।जिम रिश ने सीनेट के पटल पर विधेयक पेश करने के बाद कहा, हम अफगानिस्तान से अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन की बेतरतीब वापसी के गंभीर प्रभावों पर गौर करना जारी रखेंगे। ना जाने कितने ही अमेरिकी नागरिकों और अफगान सहयोगियों को अफगानिस्तान में तालिबान के खतरे के बीच छोड़ दिया गया। हम अमेरिका के खिलाफ एक नए आतंकवादी खतरे का सामना कर रहे हैं, वहीं अफगान लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों का हनन करते हुए तालिबान गलत तरीके से संयुक्त राष्ट्र से मान्यता चाहता है। विधेयक में आतंकवाद का मुकाबला करने, तालिबान द्वारा कब्जा किए गए अमेरिकी उपकरणों के निपटान , अफगानिस्तान में तालिबान तथा आतंकवाद फैलाने के लिए मौजूद अन्य गुटों पर प्रतिबंध और मादक पदार्थों की तस्करी तथा मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए रणनीतियों की आवश्यकता की भी मांग की गई है। इसमें तालिबान पर और संगठन का समर्थन करने वाली सभी विदेशी सरकारों पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की गई है।

## कोरोना से ठीक होने के बाद भी हर तीसरे मरीज में दिखा कम से कम एक लक्षण, सामने आई नहीं स्टडी

**लंदन (एजेंसी)।** कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद कोविड-19 के करीब 37 प्रतिशत मरीजों में तीन से छह महीने की अवधि में कोविड का कम से एक लक्षण लंबे समय तक पाया गया। ब्रिटेन के एक नये अध्ययन रिपोर्ट में बुधवार को यह दावा किया गया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ रिसर्च (एनआईएचआर) ऑक्सफोर्ड हेल्थ बायोमेडिकल सेंटर (बीआरसी) ने कोविड-19 से उबर रहे 2,70,000 से अधिक लोगों में लंबे समय तक रहने वाले कोविड के लक्षणों का अध्ययन किया। इसके लिए अमेरिकी ट्राईनेटएक्स इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकार्ड नेटवर्क के आंकड़ों का उपयोग किया गया।लंबे समय तक रहने वाले कोविड के लक्षणों में मुख्य रूप से सांस लेने में परेशानी, पेट संबंधी समस्या, थकान, दर्द और बेचैनी या अवसाद शामिल हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में विश्लेषण का नेतृत्व करने वाले एनआईएचआर एकेडमिक क्लिनिकल फेलो डॉ मैक्स ताक्वेत ने कहा कि नतीजों से यह पुष्टि होती है कि सभी उम्र के लोगों का एक बड़ा हिस्सा कोरोना वायरस संक्रमण के बाद छह महीने तक कई सारे लक्षणों और समस्याओं से ग्रसित रह सकता है।

संक्रमण की गंभीरता, उम्र और मरीज के पुरुष या महिला होने से कोविड के दीर्घकालीन लक्षणों की संभावना प्रभावित हुई। ये लक्षण उन लोगों में ज्यादा नजर आए जो अस्पताल में भर्ती थे और यह महिलाओं में आंशिक रूप से अधिक थी। अध्ययन में कहा गया है कि बुजुर्गों और पुरुषों में सांस लेने में परेशानी अधिक देखी गई, जबकि युवाओं और महिलाओं में सिरदर्द, पेट से जुड़ी समस्या और बेचैनी या अवसाद पाया गया।